राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 168
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 14 मई 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट — पेज 3 30 जून तक भंगेल एलिवेटेड और प्रशासनिक भवन करें शुरू — पेज 4 आजमगढ़ में बेटे ने पिता को मार डाला — पेज 6 कोहली के संन्यास से रहाणे को मिल सकता है अवसर


## संक्षिप्त खबरें

### भारत ने पाकिस्तानी राजनयिक को किया निष्कासित

**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत एक अधिकारी को निष्कासित कर दिया। उसे अपनी आधिकारिक स्थिति के अनुरूप गतिविधियों में लिप्त नहीं होने के कारण निष्कासित किया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उक्त अधिकारी को भारत छोड़ने के लिए 24 घंटे का समय दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत दोनों देशों के बीच चार दिनों तक चले सैन्य टकराव से बढ़े तनाव के बीच यह कार्रवाई की गई है। भारत ने उक्त अधिकारी की गतिविधियों पर नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग के प्रभारी को आपत्तिपत्र भी जारी किया है।

### तमिलनाडु में 13 साल की लड़की से यौन उत्पीड़न

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के पल्लवरम, चेन्नई के पास, पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया और सात नाबालिगों को हिरासत में लिया है। इन पर 13 साल की एक लड़की के साथ कई बार यौन उत्पीड़न करने का इल्ज़ाम है। यह मामला तब सामने आया जब लड़की को तेज पेट दर्द की शिकायत पर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के दौरान पाया कि लड़की गर्भवती है, जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। यह कदम प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस एक्ट के तहत अनिवार्य है। लड़की की मां, जो पहले शिकायत दर्ज करने को राजी थी लेकिन बाद में ऐसा नहीं किया, को भी सहायता करने के इल्ज़ाम में गिरफ्तार किया गया।



### हैप्पी मॉर्निंग


लड़का जैसे ही कॉलेज में पहुंचा, खुशी के मारे उछलने लगा।
दोस्त- क्या हुआ, इतना खुश कैसे है?
लड़का- आज पहली बार मुझसे किसी लड़की ने मेट्रो में बात की है।
दोस्त- वाह भाई, क्या बात हुई?
लड़का- मैं बैठा था, वो बोली-
उठ ये लेडीज सीट है।



### शायरी

मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही
हो कहीं भी आग लेकिन आग जलनी चाहिए

### अर्थसार



सेंसेक्स:
81,148.22
-1,281.68 (1.55%)
निफ्टी:
24,578.35
-346.35

### मौसम



अधिकतम : 40 डिग्री से0
न्यूनतम : 25 डिग्री से0
सूयोदय गुरुवार : 5 : 35
सूर्यास्त बुधवार : 7 : 17

# पंजाब में जहरीली शराब से अब तक 21 लोगो की मौत

## 9 गंभीर, बोल भी नहीं पा रहे, डीएसपी-एसएचओ सस्पेंड; 9 लोग गिरफ्तार

### बीमारों में 4 की हालत इतनी गंभीर है कि वे बोलने की स्थिति में भी नहीं हैं

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर जिले के मजीठा क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से मरने वाले लोगों की संख्या 21 हो गई है। जबकि, 9 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। इनका अमृतसर के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

बीमारों में 4 की हालत इतनी गंभीर है कि वे बोलने की स्थिति में भी नहीं हैं। मृतकों में भंगाली कलां, मराडी कलां, पातालपुरी, थ्रिएवाल, तलवंडी खुम्मन और करनाला के लोग शामिल हैं। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन हरकत में आया। पुलिस ने जहरीली शराब बेचने के आरोप में अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया है।

उनसे पूछताछ की जा रही है कि जहरीली शराब कहां से और कैसे आई? इसके अलावा मजीठा थाने के एसएचओ अवतार सिंह और डीएसपी अमोलक सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, दोपहर को सीएम मान भी मजीठा पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की।



### पुलिस ने छापामारी शुरू की

स्थानीय लोगों के अनुसार, इस इलाके में लंबे समय से नकली शराब का धंधा चल रहा था, लेकिन प्रशासन ने कभी सख्ती नहीं की। अब लोगों की मौत के बाद प्रशासन हरकत में आया है और संबंधित ठिकानों पर छापे मारने शुरू कर दिए हैं। सूचना मिलने के बाद मंगलवार सुबह डीसी साक्षी साहनी भी पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंची और उनका हाल जाना। उन्होंने बताया कि तीनों गांवों में जिनमें हल्के लक्षण भी दिख रहे हैं, उन्हें अस्पताल दाखिल करवाया जा रहा है।

### ग्रामीण बोले- सुबह बिगड़ी थी तबीयत

जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह मराडी कलां गांव में हड़कंप तब मचा जब पता चला कि करीब 15 लोग बोल भी नहीं पा रहे हैं। वे न कुछ खा-पी रहे थे और हाथ-पैरों की हरकत भी बंद हो गई है। इन सभी ने एक जैसी देसी शराब पी थी। इसके बाद यहां 4 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मेजर सिंह, सरबजीत सिंह, सिकंदर, पन्ना के रूप में हुई है। जबकि, अन्य व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद पास के गांव भंगाली कलां में से भी इसी तरह की घटनाएं सामने आईं। वहां भी पहले पीड़ितों की आवाज बंद हुई, फिर 3 लोगों की मौत हो गई। उसमें रमन, रोमी और बलबीर सिंह शामिल थे। बाकी लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन मरने वालों का आंकड़ा बढ़ता गया।

# महिलाओं का रेप, 9 दोषियों को आजीवन कारावास

### वीडियो बनाया, 2 साल तक ब्लैकमेल कर रेप किया; तमिलनाडु के पोल्लाची यौन उत्पीड़न केस में फैसला

एजेंसी

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के पोल्लाची यौन उत्पीड़न मामले में कोयंबटूर महिला अदालत ने मंगलवार को 9 लोगों को मौत तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आज सुबह ही सभी को दोषी ठहराया था।

जज आर नंदिनी देवी ने इन्हें गैंगरेप और बार-बार रेप का दोषी पाया। कोर्ट ने पीड़ित महिलाओं को कुल 85 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

9 दोषियों ने 2016 से 2018 के दौरान कई महिलाओं का यौन शोषण किया था। पीड़ितों में कॉलेज की छात्राएं और शादीशुदा महिलाएं थीं।

दोषियों ने यौन शोषण के वीडियो बनाए थे। उसके जरिए ब्लैकमेल करके महिलाओं के साथ कई बार रेप किया और पैसे भी मांगे। आरोपियों पर 50 से ज्यादा महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने का शक था, लेकिन उनमें से केवल 8 ने ही उनके खिलाफ गवाही दी थी।

### ड्रग तस्कर



अगरतला में त्रिपुरा-असम सीमा के पास एक बड़े नशा विरोधी अभियान के दौरान जब्त किए गए गांजे के । करीब 4 करोड़ रुपये की गांजा जब्त की गई और उत्तर प्रदेश के दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

### जैसलमेर में भी पाकिस्तानी सिम बैन

**श्रीगंगानगर, बाड़मेर, जैसलमेर।** भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से सटे जिलों में मंगलवार को जन-जीवन सामान्य हो गया। बाजार पहले की तरह ही खुले और बंद हुए। श्रीगंगानगर के बाद जैसलमेर में भी पाकिस्तानी लोकल सिम के उपयोग पर रोक लगा दी गई है। कलेक्टर प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए इसका आदेश जारी किया। इससे पहले श्रीगंगानगर में पाकिस्तानी सिम के उपयोग पर रोक लगाई गई थी। उधर, राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास मंगलवार को मिसाइलनुमा वस्तु मिली थी। पुलिस ने इसे कब्जे में लेकर सेना को खबर दे दी थी। एयरपोर्ट के ऑपरेशनल होने के बाद भी बीकानेर से न ही कोई फ्लाइट गई और न ही आई है। बीकानेर, किशनगढ़ (अजमेर) और जोधपुर के एयरपोर्ट शुरू हो चुके हैं। एयर इंडिया ने ट्रैवल एडवाइजरी करते हुए जोधपुर की फ्लाइट सर्विस को आज (13 मई) के लिए कैंसिल कर दिया था। इंडिगो की सुबह की फ्लाइट्स के कैंसिल होने की सूचना है।

# सीबीएसई बोर्ड : 10वीं-12वीं का रिजल्ट जारी

## 10वीं में 93.60 प्रतिशत, 12वीं में 88.39 प्रतिशत पास; लड़कियां लड़कों से आगे

सीबीएसई यानी सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। 10वीं में 93.60 प्रतिशत और 12वीं में 88.39 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए। कैंडिडेट्स cbse.gov.in पर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। इस साल 10वीं और 12वीं के करीब 44 लाख स्टूडेंट्स ने बोर्ड एग्जाम्स दिए थे।



### 10वीं-12वीं में लड़कों से आगे लड़कियां

रिजल्ट में लड़कियों का रिजल्ट लड़कों से बेहतर रहा है। 10वीं लड़कियों का रिजल्ट 95.0 प्रतिशत , जबकि लड़कों का रिजल्ट 92.63 प्रतिशत रहा है। लड़-कियों का रिजल्ट लड़कों से 2.37 प्रतिशत बेहतर रहा है।

12वीं में लड़कियों का रिजल्ट 91.64 प्रतिशत और लड़कों का रिजल्ट 85.70 प्रतिशत रहा है। यानी दोनों क्लासेज में लड़कियों ने बाजी मारी है।

### स्कूल से मिलेगी ओरिजिनल मार्कशीट

रिजल्ट घोषित होने के बाद स्टूडेंट्स अपनी मार्कशीट ऑनलाइन देख सकते हैं, लेकिन ये केवल टेंपरेरी है। छात्रों को अपनी ओरिजिनल मार्कशीट अपने स्कूल से लेनी होगी। ओरिजिनल मार्कशी आगे की पढ़ाई और अन्य आधिकारिक कामों के लिए जरूरी होती है। स्कूल आमतौर पर स्टूडेंट्स को ओरिजिनल मार्कशीट के बारे में अपडेट कर देते हैं।

### मेरिट लिस्ट जारी नहीं होगी

सीबीएसई बोर्ड मेरिट लिस्ट जारी नहीं करता है। इसके अलावा रिजल्ट में कोई टॉपर भी घोषित नहीं किया जाता है।

बोर्ड सभी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों को ये निर्देश भी देता है कि किसी भी बच्चे को स्कूल या जिले का टॉपर घोषित न करें।

# ऑपरेशन सिंदूर के 6 दिन बाद खुला श्रीनगर एयरपोर्ट

### दिल्ली से अमृतसर-चंडीगढ़ की कई फ्लाइट्स कैंसिल; सीजफायर के बाद 32 एयरपोर्ट्स खोले गए

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के 6 दिन बाद आज मंगलवार को श्रीनगर एयरपोर्ट के फ्लाइट ऑपरेशन शुरू हो गए हैं। दिल्ली से एअर इंडिया की फ्लाइट दोपहर 12:49 बजे लैंड हुई। भारत-पाक तनाव के चलते एयरपोर्ट 7 मई से बंद था।




दिल्ली एयरपोर्ट से चंडीगढ़, अमृतसर और श्रीनगर जाने वाली कई फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने पहले बताया था कि सुरक्षा कारणों की वजह से फ्लाइट शेड्यूल में बदलाव हो सकता है।

एयरलाइन कंपनी एअर इंडिया ने भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से सटे 8 शहरों में आने-जाने वाली अपनी सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। इनमें जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट शामिल है। कल देर रात राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में ड्रोन दिखने के बाद इंडिगो ने भी 6 शहरों में सभी उड़ानें रद्द कर दीं। इनमें जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़, लेह, श्रीनगर और राजकोट एयरपोर्ट शामिल हैं।

भारत-पाक सीजफायर के बाद सोमवार को 32 एयरपोर्ट्स खोल दिए गए थे। हालांकि, अभी तक सभी एयरपोर्ट्स के फ्लाइट ऑपरेशन पूरी तरह से शुरू नहीं हुए हैं।

एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सोमवार को प्रेस रिलीज के जरिए एयरपोर्ट्स खोलने की जानकारी दी।

# पंजाब में पाकिस्तानी जासूस पकड़ा गया

## एयर अटैक से घायल महिला की मौत; पठानकोट और अमृतसर में ब्लैकआउट

**पंजाब।** पंजाब के बठिंडा आर्मी कैंट से पुलिस ने मंगलवार को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। रकीब नाम का यह व्यक्ति उत्तराखंड के रुड़की का रहने वाला है। आर्मी कैंट के अंदर वह कपड़े सिलने का काम करता है। आर्मी कैंट के अधिकारियों को रकीब की गतिविधियों पर शक हुआ, जिसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत बठिंडा पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।



अमृतसर एयरपोर्ट से कल से फ्लाइट्स शुरू हो जाएंगी। कल से ही यहां स्कूल भी खुल जाएंगे लेकिन उनकी टाइमिंग बदली गई है। वहीं आज रात 8 बजे से अमृतसर और पठानकोट में स्वैच्छिक ब्लैकआउट शुरू हो गया। डीसी साक्षी साहनी ने इसके लिए लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सभी अपने घरों की लाइटें बंद रखें। फिरोजपुर के ममदोट में आज सुबह पाकिस्तानी ड्रोन दिखा। बीएसएफ के जवानों ने ड्रोन पर करीब 250 राउंड फायरिंग की। इसके बाद ड्रोन पाकिस्तान की तरफ लौट गया। वहीं, 9 मई को फिरोजपुर के खाई फेमे गांव में ड्रोन अटैक में घायल हुई महिला सुखविंदर कौर की लुधियाना के डीएमसी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

# भारत के 52वें चीफ जस्टिस बनेंगे जस्टिस बीआर गवई

## देश के दूसरे दलित चीफ जस्टिस, 7 महीने का कार्यकाल; आज राष्ट्रपति शपथ दिलाएंगी

**नई दिल्ली।** जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई, आज भारत के 52वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ लेंगे। मौजूदा सीजेआई संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो चुका है। आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जस्टिस गवई को उनके पद की शपथ दिलाएंगी।

सीजेआई खन्ना के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस गवई का नाम था। इसलिए जस्टिस खन्ना ने उनका नाम आगे बढ़ाया। हालांकि उनका कार्यकाल सिर्फ 7 महीने का है।



सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर दिए प्रोफाइल के मुताबिक जस्टिस गवई 24 मई 2019 को सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में प्रमोट हुए थे। उनके रिटायरमेंट की तारीख 23 नवंबर 2025 है।

### जस्टिस गवई ने 1985 में कानूनी करियर शुरू किया

जस्टिस गवई का 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में जन्म हुआ था। उन्होंने 1985 में कानूनी करियर शुरू किया। 1987 में बॉम्बे हाईकोर्ट में स्वतंत्र प्रैक्टिस शुरू की। इससे पहले उन्होंने पूर्व एडवोकेट जनरल और हाईकोर्ट जज स्वर्गीय राजा एस भोंसले के साथ काम किया।

1987 से 1990 तक बॉम्बे हाईकोर्ट में वकालत की। अगस्त 1992 से जुलाई 1993 तक बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच में सहायक सरकारी वकील और एडिशनल पब्लिक प्रॉसीक्यूटर के रूप में नियुक्त हुए। 14 नवंबर 2003 को बॉम्बे हाईकोर्ट के एडिशनल जज के रूप में प्रमोट हुए। 12 नवंबर 2005 को बॉम्बे हाईकोर्ट के परमानेंट जज बने।

# 3 बेटियों को जहर खिला खुद भी सुसाइड किया

### हरियाणा से शादी में एमपी गया था परिवार; बड़ा भाई बोला- अंतिम संस्कार यहीं करेंगे

**भिवानी।** हरियाणा के भिवानी जिले के व्यक्ति ने मध्य प्रदेश के दमोह में 3 बेटियों के साथ जहर निगल लिया। जिससे चारों की मौत हो गई। वह पत्नी और तीनों बेटियों के साथ ससुराल में साले की शादी में शामिल होने गया था। वहां शराब पीकर उसका पत्नी से झगड़ा हुआ। पत्नी ने उसे बारात में नहीं जाने दिया। कुछ दिन वह ठीक रहा। मंगलवार को वह तीनों बेटियों, महक (डेढ़ साल), खुशी (5) और खुशबू (7) को समोसे खिलाने के बहाने ले गया और जहर खिला दिया। महक और खुशी ने वहीं पर दम तोड़ दिया। वहीं खुशबू की अस्पताल ले जाने तक मौत हो गई। संवाददाता ने भिवानी में स्थित उसके गांव बड़ोला में संपर्क किया तो पता चला कि उसका घर बंद है। वहां बड़े भाई सूरजा ने कहा कि उसका छोटा भाई विनोद खेती करने के साथ डंपर चलाता था।

उन्हें फोन पर पता चला कि उसकी मौत हो गई है। अभी हम यह कुछ नहीं कह सकते कि विनोद ने खुद जहर खाया या फिर उसके साथ कुछ और हुआ है। हमने विनोद और तीनों बेटियों के शव गांव में मंगवाए हैं, उनका यहीं अंतिम संस्कार करेंगे। चारों का आज अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### आतंकी ढेर — ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना ने शुरू की नई कार्रवाई

# जम्मू-कश्मीर में लश्कर के 3 आतंकी ढेर, तीनों शोपियां के

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से भारतीय सेना का मनोबल बढ़ा हुआ है। इस बीच अब सेना ने आतंकवाद के खिलाफ नया मोर्चा खोल दिया है। इसे 'ऑपरेशन केलर' का नाम दिया गया है। बता दें कि भारतीय सेना ने मंगलवार को कश्मीर के शोपियां जिले के केलर के घने जंगल वाले इलाके में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को मार गिराया। इससे पहले राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट की तरफ से शोकल केलर क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सटीक खुफिया जानकारी दी गई थी। जिसके बाद सेना ने इस ऑपरेशन को शुरू किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म




एक्स पर एक पोस्ट में सेना के एक आधिकारिक बयान जारी कर नए ऑपरेशन की सूचना दी है। पोस्ट में लिखा गया, ऑपरेशन केलर। 13 मई 2025 को राष्ट्रीय राइफल्स इकाई की विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, शोकल केलर, शोपियां में भारतीय सेना ने तलाशी अभियान शुरू किया। सेना ने बताया है कि ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी की, जिसका माकूल जवाब दिया गया। ऑपरेशन में तीन कट्टर आतंकवादी मारे गए। वहीं यह ऑपरेशन अब भी जारी है।

### मारे गए लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी

रिपोर्ट्स के मुताबिक सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच कुलगाम जिले में मुठभेड़ शुरू हुई थी। हालांकि बाद में आतंकी शोपियां में भी गोलीबारी करने लगे। भारतीय सेना ने ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों को आखिरकार मार गिराया। सुरक्षा बलों ने बताया है कि इस दौरान शाहिद कुट्टे, अदनान शफी डार और हारिस नजीर नाम के आतंकी मारे गए। ये सभी पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े थे। बता दें कि ये आतंकी घाटी में कई आतंकी हमलों में शामिल थे।

इस बीच भारतीय खुफिया एजेंसियों ने शोपियां में पहलगाम आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों, आदिल हुसैन थोकर, अली भाई और हाशिम मूसा के पोस्टर चिपकाए हैं। सेना ने तस्वीरों के नीचे 'आतंक-मुक्त कश्मीर' का नारा भी लिखा है। वहीं इन आतंकियों के बारे में विश्वसनीय जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा भी की गई है।

# संपादकीय

## लोकतंत्र बनाम डेटा तंत्र : क्या जनता की निजता अब चुनावी संपत्ति बन चुकी है?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

लोकतंत्र में वोट देने का अधिकार सर्वोच्च होता है, लेकिन आज का भारत केवल वोट से नहीं, डेटा से शासित हो रहा है। एक नागरिक का नाम, पता, धर्म, मोबाइल नंबर, आय स्तर, लोकेशन, बायोमीट्रिक जानकारी — अब सत्ता के लिए सांख्यिकीय नहीं, चुनावी हथियार बन चुके हैं।
क्या आपने कभी सोचा कि : चुनाव से पहले आपको किस पार्टी के प्रचार कॉल आते हैं ?
आपकी जाति या धर्म के आधार पर सोशल मीडिया पर प्रचार क्यों बदल जाता है ?
और कैसे अचानक आपके क्षेत्र में सिर्फ 'एक खास विचारधारा' के विज्ञापन छा जाते हैं ?
यह केवल टेक्नोलॉजी नहीं – डेटा आधारित लोकतांत्रिक नियंत्रण की शुरुआत है, जिसमें आपकी निजता एक राजनीतिक उत्पाद बन चुकी है।

### डेटा का लोकतंत्र से टकराव

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, लेकिन क्या यह अब डेटा–संचालित शासन की ओर नहीं बढ़ रहा ?
वोटर डेटा राजनीतिक दलों तक कैसे पहुंच रहा है ?
क्या आधार कार्ड, मोबाइल कंपनियों, ऐप्स और वॉलेट्स के ज़रिए आपकी सूचनाएं लीक हो रही हैं ?
क्या सरकार खुद यह डेटा राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल कर रही है ?
2024–25 के चुनावों में, कई मतदाताओं ने शिकायत की कि उनके फोन पर ओटीपी आधारित कन्फर्मेशन, फर्जी कॉल्स और स्पैम एसएमएस आए — जिनमें वोटिंग से संबंधित व्यक्तिगत जानकारी थी।
'इंटरनेट से वो करे, दुनिया भर में बात
रहता कौन पड़ोस में, उसे नहीं है ज्ञात।'

यह सिर्फ डेटा चोरी नहीं —
लोकतंत्र की आत्मा की हानि है।

### डेटा सुरक्षा कानून - लेकिन किसके लिए?

भारत में डेटा संरक्षण विधेयक संसद में पारित हो चुका है, लेकिन उसमें सरकारी एजेंसियों को छूट दी गई है। यानी सरकार जनता का डेटा देख सकती है, पर जनता को नहीं पता कि उसका डेटा कहाँ और कैसे इस्तेमाल हो रहा है। क्या यह पारदर्शिता है, या सत्ता का नया मुखौटा ?

### डेटा आधारित ध्रुवीकरण : सोशल इंजीनियरिंग का यंत्र

डेटा अब केवल प्रचार का माध्यम नहीं — वोट बैंक को मनोवैज्ञानिक रूप से मोड़ने का विज्ञान बन गया है। एआई–बॉट्स, भाषणों का टोन, विज्ञापन की टाइमिंग — सब डेटा तय करता है।

'रोटी के लाले पड़े, सिर पर चढ़ा उधार
हमको इस बाज़ार ने, ऐसी मारी मार!'

क्या यही डिजिटल लोकतंत्र है —
जहाँ सोचने से पहले, आपको सोचा जा चुका होता है ?

### जनता की भूमिका : क्या हम सच में स्वतंत्र हैं?

अगर हम यह नहीं जानते कि
हमारे डेटा का मालिक कौन है,
हमारी पसंद को कौन गढ़ रहा है,
और हमारे वोट को किसने पहले ही पढ़ लिया है —
तो हम मतदाता नहीं,
प्रोग्राम्ड उपभोक्ता बन चुके हैं।

'बेकारी के खेत में, फसल उगी इस साल
लूट, फिरौती, चोरियां, गबन, डकैती, जाल।'

### निष्कर्ष : निजता नहीं बची तो लोकतंत्र भी नहीं बचेगा

लोकतंत्र केवल वोट डालने का नाम नहीं,
यह स्वतंत्र सोच, निजता और बराबरी का नाम है।

यदि डेटा का दुरुपयोग इसी तरह चलता रहा, तो भविष्य में चुनाव जनता के लिए नहीं — डेटा माफिया और टेक–राजनीति गठबंधन के लिए होंगे।

'डर पहले मन में बोया जाता है,
फिर डेटा से उसे जीत में बदला जाता है।'

अब सवाल उठाना ज़रूरी है : हमारे डेटा का मालिक कौन है ?
और क्या हम वाकई वोटर हैं — या एक टारगेट समूह ?

'राजनीति के मंच पर होती बंदर–बांट
पी ले तू नदियां सभी, मैं खा जाऊं घाट।'




# आईएमएफ का पाकिस्तान को बेलआउट पैकेज देना सांप को दूध पिलाने जैसा

चेतनादित्य आलोक

इतना ही नहीं, पाकिस्तानी सेना अब 'स्पेशल इन्वेस्टमेंट फैसिलिटेशन काउंसिल' में भी बड़ी भूमिका निभाने लगी है, जो इस बात का प्रमाण है कि पाकिस्तान में हालात अभी भी सुधरे नहीं हैं, बल्कि दिनोंदिन और बद से बदतर ही होते जा रहे हैं।

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी भीषण तनाव के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी इंटरनेशनल मानेटरी फंड (आईएमएफ) की ओर से पाकिस्तान के लिए बेलआउट पैकेज को मंजूरी दे दी गई। इसके कारण इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने की आशंका बनी हुई है। देखा जाए तो भारत की यह आशंका निराधार और निरर्थक भी नहीं, क्योंकि यह जगजाहिर हो चुका है कि पाकिस्तान की आर्थिक नीतियों में उसकी सेना की दखलंदाजी काफी ज्यादा रहती है। साथ ही, पिछले लंबे समय से ऐसे प्रमाण भी लगातार मिलते रहे हैं कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से मिलने वाली किसी भी प्रकार की आर्थिक मदद का इस्तेमाल पाकिस्तान भारत के विरूद्ध आतंकवादियों को पालने–पोसने एवं आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देकर निर्दोष लोगों की हत्या कराने के लिए करता रहा है।

समय–समय पर इसके प्रमाण मिलते भी रहे हैं। फिलहाल, इसका ताजा उदाहरण पहलगाम के बैसरण घाटी की वह दिल दहला देने वाली घटना है, जिसमें आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की उनके परिवार वालों विशेषकर स्त्रियों और बच्चों के समक्ष उनका धर्म पूछ–पूछकर अत्यंत बेरहमी से हत्या कर दी थी। वैसे, 2021 में संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में भी इस बात का खुलासा हो चुका है कि पाकिस्तान एक प्रकार से सेना आधारित व्यापार करने वाला देश है, जो दान तथा ऋण में मिले रुपयों का उपयोग भारत के विरूद्ध आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने में करता रहा है।

इतना ही नहीं, पाकिस्तानी सेना अब 'स्पेशल इन्वेस्टमेंट फैसिलिटेशन काउंसिल' में भी बड़ी भूमिका निभाने लगी है, जो इस बात का प्रमाण है कि पाकिस्तान में हालात अभी भी सुधरे नहीं हैं, बल्कि दिनोंदिन और बद से बदतर ही होते जा रहे हैं। वहीं, पिछले दिनों पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष मुल्ला आसिम मुनीर का भाषण सुनने के बाद तो यह भी बिल्कुल स्पष्ट हो गया कि पाकिस्तानी सेना एक पेशेवर सेना नहीं, बल्कि जिहादियों जैसी भाषा बोलने और व्यवहार करने वाला एक धार्मिक संगठन मात्र है, जिसकी कमाई का मुख्य आधार व्यापार है। ऐसे में आईएमएफ से मिलने वाली आर्थिक मदद के कारण भारत के विरूद्ध इस क्षेत्र में सैन्य एवं आतंकी आक्रामकता और क्रूरता का जोखिम पैदा होने की आशंका बढ़ गई है। देखा जाए तो भारत ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को अपनी इन्हीं चिंताओं से अवगत कराते हुए यह निवेदन किया था कि पाकिस्तान की आर्थिक हालत सुधारने के नाम पर उसके द्वारा मांगा जाने वाला ऋण आईएमएफ की ओर से मंजूर नहीं किया जाना चाहिए। भारत ने विरोध स्वरूप 09 मई को आईएमएफ के एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी (ईएफएफ) लेंडिंग प्रोग्राम पर मतदान भी नहीं किया, जिसमें पाकिस्तान के लिए 01 अरब डॉलर के ईएफएफ लेंडिंग और 1.3 अरब डॉलर के नए लोन पर आईएमएफ द्वारा विचार किया जाना था। भारत की ओर से इस दौरान पाकिस्तान में आईएमएफ कार्यक्रमों की प्रभावशीलता पर अपनी चिंता



प्रकट करते हुए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समक्ष स्पष्ट शब्दों में कहा भी था कि पाकिस्तान लोन फाइनेंसिंग का इस्तेमाल सीमा पार (मुख्यत: भारत में) आतंकवाद के लिए कर सकता है। इसके बावजूद आईएमएफ ने 09 मई को 02 साल की अवधि के लिए पाकिस्तान को 1.3 अरब डॉलर का नया ऋण प्रदान कर ही दिया।

### पाकिस्तान को ऋण देना मानवता विरोधी कदम

बता दें कि पिछले 35 सालों में पाकिस्तान 28 बार आईएमएफ से ऋण प्राप्त कर चुका है। हाल के वर्षों का ही रिकार्ड देखा जाए तो 2019 से पिछले 05 सालों में ही उसने आईएमएफ से 04 बार ऋण लिए हैं। जाहिर है कि ऋण में मिलने वाले रुपयों का इस्तेमाल यदि पाकिस्तान के द्वारा अब तक सही ढंग से किया गया होता तो शायद उसको आईएमएफ के दरवाजे पर बार–बार हाथ फैलाने की जरूरत ही नहीं पड़ती, लेकिन सच तो यही है कि पाकिस्तान आईएमएफ से बार–बार कर्ज लेता है, लेकिन वह उनका उपयोग वास्तविक उद्देश्यों के लिए नहीं, बल्कि भारत के विरूद्ध अपनी जिहादी मानसिकता को प्रदर्शित और प्रारूपित करने के लिए ही करता रहता है।

आश्चर्य कि अब यह बात दुनिया में किसी से छुपी हुई भी नहीं है। इस प्रकार, देखा जाए तो जिन परिस्थितियों में सबकुछ जानते–बूझते हुए भी अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने भारत की चिंताओं और आशंकाओं को दरकिनार कर आईएमएफ की ओर से पाकिस्तान को 11 हजार करोड़ रुपए से भी अधिक का ऋण देने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया, वह एक प्रकार से सांप को दूध पिलाने जैसा प्रतीत होता है, जो केवल भारत विरोधी ही नहीं, बल्कि अंतत: मानवता विरोधी ही साबित होने वाला है।

बता दें कि आईएमएफ से ऋण प्राप्त करने के लिए किसी भी देश को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के सदस्य देशों के कुल वोटों का 85 प्रतिशत प्राप्त करना जरूरी होता है। साथ ही, यह जानना भी जरूरी है कि आईएमएफ में सबसे ज्यादा प्रभाव अमेरिकी वोट का होता है, जिसके पास सर्वाधिक 17 प्रतिशत वोटों का भार है। इसकी तुलना में भारत के पास वोटों का भार मात्र 03 प्रतिशत ही है। यही कारण है कि हमारे विरोध के बावजूद पाकिस्तान को आईएमएफ से ऋण मिल गया। देखा जाए तो इस मामले में अमेरिकी पहल का एक बड़ा कारण यह हो सकता है कि हाल के वर्षों में पाकिस्तान लगातार चीन की गोद में बैठकर खेलता रहा है, जिससे अमेरिका बेहद नाराज है। वह चाहता है कि पाकिस्तान चीन से बिदककर उसके पाले में आ जाए। इसीलिए शायद उसने पाकिस्तान को आईएमएफ से ऋण दिलाने में मदद की है, लेकिन उसे यह भी अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए कि पाकिस्तान तो शुरू से ही कभी चीन तो कभी अमेरिका की गोद में बैठकर खेलता रहा है।

### धन का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए करेगा पाकिस्तान

पाकिस्तान और अमेरिका की ओर से उसे अपना ही पिट्ठू बनाए रखने के लिए अनेक प्रकार की रियायतें, जिनमें बेशुमार धनादि शामिल हैं, भी दी जाती रही हैं। वैसे, अमेरिका के द्वारा फटकारे जाने पर वह कहता तो जरूर है कि वह आतंकवादियों को पनाह नहीं देगा तथा विदेशों से मिले धन का उपयोग आतंकवाद को बढ़ावा देने में नहीं करेगा, लेकिन क्या हम नहीं जानते कि कुत्ते की दुम कभी सीधी नहीं होती। जाहिर है कि पाकिस्तान कभी नहीं सुधरने वाला। इसीलिए यह आशंका बनी हुई है कि हमेशा की तरह फिर वह आईएमएफ से मिले धन का उपयोग भारत के विरूद्ध आतंकवादी गतिविधियों यानी 'प्रॉक्सी वॉर' को बढ़ावा देने में करेगा।

### एक बड़ा कारण यह भी


आईएमएफ से ऋण मिलने का एक बड़ा कारण यह भी है कि पाकिस्तान ने अमेरिका और चीन समेत कई देशों को अपनी धरती पर सैनिक और व्यापारिक गतिविधियां संचालित करने की छूट दे रखी है। इन देशों में अरब के देश और तुर्किए जैसा कट्टर इस्लामिक सोच वाला देश भी शामिल हैं। बता दें कि अब तक अनेक बार ये तमाम देश पाकिस्तान को अलग से भी ऋण देते रहे हैं। देखा जाए तो अकेले चीन ने ही पाकिस्तान में पाकिस्तान–चीन इकोनोमिक कॉरिडोर बनाने के नाम पर अब तक 65 अरब डॉलर से भी अधिक का ऋण दे चुका है। हालांकि 03 दशकों में भी उक्त इकोनोमिक कॉरिडोर बनकर तैयार नहीं हो सका है।

### जी–07 देशों की निरर्थक अपील

सच कहा जाए तो इन परिस्थितियों में 'ग्रुप ऑफ सेवन' (जी–07) देशों की भारत एवं पाकिस्तान से सैन्य तनाव कम करने की अपील झूठी और निरर्थक प्रतीत होती है, क्योंकि एक तरफ तो दुनिया के 195 में से 190 देशों वाली संस्था अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष पाकिस्तान को 01 अरब रुपए का ऋण देकर उसको आतंक की फैक्ट्री चलाते रहने के लिए खाद–पानी देने का कार्य कर रही है, वहीं, दूसरी ओर जी–07 देश भारत एवं पाकिस्तान से सैन्य तनाव कम करने की अपील कर शांति स्थापना की खानापूर्ति कर रहे हैं।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3529




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




काकुरो - 3528 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक हीरो का जब बुरा समय आया तो एक होटल में बैरागिरी करने लगा. एक दिन उसका दोस्त उस होटल में खाना खाने पहुंचा. जब उसने हीरो को वहां वेटर के रूप में देखा तो उसने आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा-'अरे! तुम ऐसे मामूली होटल में बैरागिरी कर रहे हो ?'

'हां !' हीरो शान्त स्वर में बोला-'सब समय की बात है. फिर भी अभी ऐसी हालत नहीं हुई कि इस होटल में खाना खाना पड़े.'

□ □ □

एक अधिकारी ने कागजी कार्यवाही के दौरान अपने पास बैठे एक आदमी से पूछा-'आपकी राष्ट्रीयता तो भारतीय है ना!'

'जी नहीं !'

'फिर ?'

'मेरे मां और बाप दोनों अंग्रेज थे, इसलिए मेरी राष्ट्रीयता अंग्रेजी है.'

'मगर आप पैदा तो भारत में हुए थे.'

'तो क्या हुआ!' वह आदमी कड़क आवाज में बोला-'आपकी कुतिया यदि घुड़साल में जाकर पिल्ला दे तो क्या आप उसे घोड़ा मान लेंगे ?'

□ □ □


बेटा-'पापा मुझे तीन विषयों में एक समान अंक मिले हैं.'

पिता-कितने अंक मिले हैं.

बेटा-'शून्य, शून्य, शून्य !'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3529



**बायें से दायें:-**

१. शाहरूख, जूही की 'चाँद तारे तोड़ लाऊँ' गीत वाली फिल्म-२,२
३. 'इस दीवाने लड़के' गीत वाली नसीर, आमिर, सोनाली की फिल्म-५
६. गोविंदा, नीलम की 'मैं तो हूँ सबका मेरा ना कोई' गीत वाली फिल्म-२
७. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
८. 'वाटर' के निर्देशिका कौन हैं-२
१०. अमिताभ, फरदीन खान, करीना कपूर की फिल्म-२
११. श्रेयस तलपदे, आयशा की 'ये हौसला कैसे झुके' गीत वाली फिल्म-२
१३. अनिल कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-२
१४. प्रदीपकुमार, कल्पना की 'जिस दिल में बसा था प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मुझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली डिनो मारिया, बिपाशा की फिल्म-२
१७. अमिताभ, अजय, ऐश्वर्या की 'दिल डूबा नीली' गीत वाली फिल्म-२
१९. फिल्म 'कुछ कुछ होता है' में काजोल के किरदार का नाम था-३
२०. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की फिल्म-४
२१. 'दुनिया ने सुन ली है चुपके से' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा की फिल्म-४
२२. जीतेंद्र, नीतूसिंह की 'कोई रोको ना दीवाने को' गीत वाली फिल्म-४
२५. अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
२६. राजेश खन्ना, मुमताज की 'गोरे रंग पे ना इतना गुमान' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
३०. 'ऐ लो प्यार के दिन' गीत वाली सनी, सुनील, सेलिना की फिल्म-२
३१. संजय, कुमार गौरव, पूनम 'अमीरों की शाम गरीबों' गीतवाली फिल्म-२
३२. 'फिर से आये बदरा' गीत वाली संजीव, शर्मिला, वहीदा की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीपकुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-३
२. 'मैं शायर तो नही' गीत वाली फिल्म-२
३. 'तू मेरे पास भी' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज बाजपेयी, उर्मिला की फिल्म-२
४. अमिताभ बच्चन, संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
५. अरविंद स्वामी, मधु की फिल्म-२
६. 'तेरी गलियों में ना' गीत वाली फिल्म-३
९. राजेंद्र कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-३
११. राजेश खन्ना, बबीता की 'दांतों तले दबा कर होंठ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'अंबर हमारा रास्ता' गीत वाली अरूण, रघुवरन, बेबी शामली, श्रुति की फिल्म-३
१५. कमल हासन, शाहरूख, रानी की 'चाहे पंडित हो' गीत वाली फिल्म-१,२
१६. 'मेरे संग संग आया' गीत वाली धर्मेन्द्र, राजेश खन्ना, विनोद, हेमा की फिल्म-४
१७. शॉवरअली, ब्रजेश हीरजी, जूही, शिल्पा की 'मेरा मन भँवरा' गीत वाली फिल्म-३
१८. प्रेमनाथ, बीना राय की फिल्म-३
२०. राजेश, फिरोजखान, शार्मिला की 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
२४. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
२५. 'सावन का महीना पवन करे' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मुझ से दोस्ती करोगे' में करीना कपूर के किरदार का नाम क्या था-२
२९. 'तेरी याद बिछा के सोता हूँ' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3528



## सूडोकु - 3529


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3528 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 3529



**बाएँ से दाएँ**

1.पक्षियों का शोर-4
3.मुठभेड़,भिड़ंत-4
5.क्रोधित होवा-5
8.लाश,पार्थिव देह-2
10.नवीन-2
11.सरिता-2
12.संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13.दोजख,नर्क-3
15.नमकीन लवण-3
17.बेकार-3
18.आंचल-3
20.फायदा,लाभ-2
21.चिट्ठी,पत्र-2
22.जी,चित-2
24.संपूर्ण-2
26.कुचलना,दबाना-3
28.दाड़म,एक फल-3
30.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32.खिचड़ी,पुलाव-3
34.मां,आई-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.सौतन-2
38.लीन-2
39.चमकीला-5
40.नसीब,किस्मत-4
41.चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**

1.दलाली-4
2.स्वदेश,जन्मभूमि-3
3.दौंडी पीटना-3
4.बेमिसाल-4
6.इसमें तलवार रखते हैं-3
7.मापदंड,आदर्श-3
9.इच्छित वस्तु-4
12.जीरक,कणिका-2
14.थोड़ा,जरा-2
16.आनंद-2
17.क्रोधित,रुष्ट-2
19.अदा-3
20.पति की बहन-3
23.मन को हरने वाला-4
24.निष्कर्ष-2
25.उम्मीद-2
27.वोट,अभिमत-2
28.धरोहर,थाती-4
29.रिश्ता-2
30.नकद राशि,रोकड़-3
31.संधिपत्र,मसविदा-3
33.रीति अनुसार-4
35.अदृढ,तर्कहीन-3
37.द्रव पदार्थ-3

शब्द पहेली -3528 का हल



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
बुधवार 14 मई 2025
Www.vishalindia.in

# 30 जून तक भंगेल एलिवेटेड और प्रशासनिक भवन करें शुरू

## मुख्य सचिव ने बैठक में प्राधिकरण अधिकारियों को दिए आदेश

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की दो महत्वाकांक्षी परियोजना भंगेल एलिवेटेड और सेक्टर 96 प्रशासनिक खंड का कार्यालय 30 जून तक किए जाए। साथ ही इसे नोएडा वासियों के लिए खोल दिए जाए। इसके अलावा चिल्ला एलिवेटेड रोड की समीक्षा की। ये रोड दिल्ली को नोएडा को जोड़ेगी। जिससे चिल्ला बार्डर और एक्सप्रेस वे पर वाहनों का लोड कम होगा। इसका निर्माण अभी शुरू किया गया है। इसे तीन साल में पूरा करना है। मुख्य सचिव ने तीनों परियोजना की समीक्षा की साथ ही दिशा निर्देश भी दिए। ये बैठक ऑनलाइन की गई।




### 5.5 किमी लंबी भंगेल एलिवेटेड

दादरी-सूरजपुर-छलेरा (डीएससी) सड़क पर अगाह पुर से सेक्टर-110 तक निर्मित 5.5 किलोमीटर लंबी भंगेल एलिवेटेड रोड यातायात भीड़ को कम करने और नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच संपर्क में सुधार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। शुरुआत में 468 करोड़ रुपये के बजट के साथ स्वीकृति के साथ इसे शुरू किया गया। अब इसकी लागत 608 करोड़ रुपए हो गई है।

एक बार चालू होने के बाद छह लेन का एलिवेटेड कॉरिडोर अगाहपुर को सेक्टर 82/110 में नोएडा स्पेशनल इकोनॉमिक जोन (एनएसईजेड) को जोड़ेगा। इस एलिवेटेड से वाहन चालकों को छलेरा, बरौला और भंगेल जैसे व्यवस्थ बाजारों से होकर नहीं जाना होगा। इससे नोएडा ग्रेटरनोएडा को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

### एक महीने में पूरा होगा गार्डर का काम

बरौला क्रॉसिंग के पास 60 मीटर लंबे स्टील गर्डर बिछाने का काम एक एक सप्ताह में पूरा होगा। गर्डरों पर डेक-स्लैब बिछाने का काम भी होगा और इसे पूरा होने में एक महीने का समय लगने की उम्मीद है। इन अंतिम निर्माण को तेजी से पूरा करने के लिए पिछले महीने बरौला क्रॉसिंग पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया गया था। नोएडा प्राधिकरण का लक्ष्य अगले दो महीनों के अंदर एलिवेटेड रोड को जनता के लिए खोलना है। सड़क के निर्माण में कई रुकावटें आई हैं।

### टाइम लाइन के साथ बढ़ी चुनौती

इस परियोजना की परिकल्पना 2013 में की गई थी। इसे जून 2020 में 468 करोड़ रुपए के बजट के साथ लॉन्च किया गया। यूपी ब्रिज कार्पोरेशन को दिसंबर 2022 में इसे पूरा करना था। जिसे बाद में दिसंबर 2023 तक विस्तार दिया गया।

इसके बाद नई समय सीमा 31 दिसंबर, 2024 दी गई। निर्माण के दौरान, परियोजना का बजट खत्म हो गया, जिससे इसे संशोधित कर 608 करोड़ रुपए कर दिया गया। इसके अलावा अगाहपुर से भंगेल की ओर नियोजित मार्ग में दो इमारतों के अवरोध के कारण 90 मीटर के हिस्से की चौड़ाई आधा मीटर कम कर दी गई।

### प्रशासनिक खंड का कार्यालय

सेक्टर 96 में नोएडा प्राधिकरण का नया मुख्यालय भी लगभग पूरा होने वाला है। इसे भी 30 जून तक पूरा करने के आदेश दिए गए है। 2009 में परिकल्पित इस परियोजना का निर्माण 2015 में शुरू हुआ। इसकी अनुमानित लागत 478 करोड़ रुपए है।

मॉडर्न सुविधा सुविधाओं से लैस ये परियोजना करीब 6 एकड़ में फैली हुई है। इसमें दो बहुमंजिला टावर हैं। इसमें प्राधिकरण के सभी विभाग एक ही छत के नीचे होंगे। इसके ग्राउंड फ्लोर पर सीईओ का ऑफिस होगा। बाकी कार्यालय छठवें फ्लोर पर होंगे। इसमें एक मीटिंग हॉल भी होगा।

### यहां भी बढ़ी डेडलाइन और चुनौतियां

इसका निर्माण आधिकारिक तौर पर 5 जनवरी 2016 को शुरू हुआ। 2 जनवरी 2019 तक इसको पूरा होना था।

घटिया काम और 451 दिनों की देरी के कारण मूल ठेकेदार को 2022 में ब्लैकलिस्ट कर दिया गया।

फिर परियोजना को अक्टूबर 2022 में एक नए ठेकेदार को सौंप दिया गया, जिसका संशोधित लक्ष्य जनवरी 2024 था। 2023 में आईआईटी दिल्ली द्वारा किए गए स्ट्रक्चरल ऑडिट में भवन के डिजाइन में खामियां मिली।

# नोएडा : सीबीएसई का रिजल्ट घोषित

## अधिकांश स्कूलों का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा , 85 प्रतिशत से ज्यादा स्टूडेंट्स को मिले 90 प्रतिशत अंक

**नोएडा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए है। इस बार नोएडा रीजन में 10वी का परीक्षा परिणाम 89.41 प्रतिशत रहा। वहीं 12वीं का परीक्षा परिणाम 81.29 प्रतिशत रहा।

पिछले साल 10वीं का परीक्षा परिणाम 91.72 प्रतिशत रहा था। वहीं 12वीं में विगत साल 80.27 प्रतिशत रिजल्ट रहा। जबकि 2023 में 12वीं 90.27 प्रतिशत स्टूडेंट पास हुए थे। 10वीं में नोएडा रीजन देश में सीबीएसई के 16 क्षेत्रों में 15वें स्थान पर है।

नोएडा रीजन 12वीं में कुल 17 में से 16 स्थान पर रहा। ओवर आल पिछले साल के मुकाबले इस बाल रिजल्ट बेहतर रहा।



### नोएडा जिले में 10वीं ओवरऑल प्रतिशत 89.41 रहा

10वीं में नोएडा रीजन में इस बार 170111 स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। इसमें से कुल 150795 स्टूडेंट्स पास हुए। जिले का ओवरऑल प्रतिशत 89.41 रहा है। इसमें 100397 लड़कों में से 87722 पास हुए हैं। इनका 87.38 प्रतिशत रहा है। इसी तरह परीक्षा में शामिल 68261 छात्राओं में से 63073 पास हुई हैं। इनका ओवरऑल प्रतिशत 87.38 रहा है। वही एमिटी के अभिज्ञान बोरा ने 10वीं में 99.8 प्रतिशत अंक हासिल किए।

### 210 सेंटरों पर हुई परीक्षा

10 और 12वीं को मिलाकर इस बार करीब 40 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए थे। जिले में सीबीएसई के 210 स्कूल है। इसमें से डीपीएस, एमिटी, रेयान, एपीएस, विश्वभारती पब्लिक स्कूल, बाल भारती, मार्डन के अलावा रेयान, लोट्स वैली, इंडस वैली, शिव नादर जैसे स्कूलों का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। यहां स्कूलों में परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। इस दौरान स्टूडेंट्स के चेहरों पर खुशी देखी गई।

### नहीं जारी होगी मेरिट लिस्ट

इस बार भी 12वीं और 10वीं की परीक्षा परिणाम में स्टूडेंट्स की मेरिट लिस्ट जारी नहीं की गई। बताया गया कि अधिकांश स्कूलों में 85 प्रतिशत से ज्यादा स्टूडेंट्स के मार्क्स 90 प्रतिशत से ज्यादा है। स्टूडेंट्स ने बताया कि मेरिट जारी नहीं होने से कंपटीशन का भाव समाप्त होता है। एक तरह से अच्छा और खराब दोनों ही है। फिलहाल काफी लंबे से स्टूडेंट्स परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहे थे।

# नोएडा में दाखिला दिलाने के नाम पर ठगे 1.60 लाख

## राजस्थान के कॉलेज में एडमिशन का दिया आश्वासन, कैश और ऑनलाइन दोनों तरह से लिया पैसा

**नोएडा।** सेक्टर-12 में रहने वाले एक व्यक्ति से 1.60 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी महिला ने अपने भाई के साथ मिलकर राजस्थान के नामी विश्वविद्यालय में बीटेक में दाखिला दिलाने के नाम पर एक साल पहले ठगी की। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर-58 पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### बीटेक में लेना था दाखिला

पीड़ित नीतिश सिंह ने पुलिस को बताया कि साल 2023 में सेक्टर-11 स्थित एक कोचिंग संस्थान में उसकी मुलाकात गाजियाबाद के विजयनगर निवासी एक महिला से हुई। उस समय पीड़ित बीटेक में दाखिला लेने के लिए ऐसे कॉलेज की तलाश कर रहा था। जहां कम फीस में दाखिला हो जाए। महिला ने उन्हें बताया कि भाई राजस्थान के अलवर स्थित एक नामी विश्वविद्यालय में उसका बीटेक में दाखिला करा देगा।

### दाखिला में दिया छूट का लालच

विश्वविद्यालय में दाखिला लेने पर दो लाख रुपए लगते हैं, लेकिन महिला के भाई ने एक लाख 60 हजार रुपए में ही दाखिला दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि दाखिला के लिए उसे विश्वविद्यालय जाना भी नहीं होगा। पीड़ित का दावा है कि सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन के पास दोनों लोग आए।

उन्हें 50 हजार रुपए नकद और एक लाख 10 हजार रुपए ऑनलाइन खाते में ट्रांसफर किए। इसके बाद से आरोपी लगातार टरकाने लगे। यही नहीं आरोपियों ने कहा कि तुम्हें विश्वविद्यालय जाने की जरूरत नहीं है। डिग्री बनकर घर पर आ जाएगी।

# ग्रेनो वेस्ट में 45 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का निर्माण शुरू

**ग्रेटर नोएडा।** प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर- एक में 45 एमएलडी क्षमता के सीवरेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) का निर्माण शुरू करा दिया है। आधुनिक तकनीक पर आधारित यह संयंत्र लगभग डेढ़ साल में बनकर तैयार हो जाएगा। इसके निर्माण पर 80 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। नॉलेज पार्क-5 में भी 50 एमएलडी क्षमता के एक अन्य एसटीपी के निर्माण की तैयारी चल रही है।

जगह चिन्हित कर निविदा जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।शहर को स्वच्छ बनाने के लिए प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा ईस्ट और वेस्ट इलाके में जगह-जगह पर एसटीपी के निर्माण की योजना बनाई है,ताकि शत प्रतिशत सीवर को शोधित किया जा सके। इसके तहत ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-1 में चार एकड़ में बनने वाले एसटीपी का निर्माण शुरू हो गया है। अधिकारी के मुताबिक कार्यदायी संस्था को लगभग डेढ़ साल में काम पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है। वहीं संचालन और रखरखाव के लिए 120 माह की कार्य अवधि निर्धारित की गई है।

निर्माण के दौरान वायु, जल, ध्वनि, कचरा प्रबंधन आदि नियमों का पालन सुनिश्चित करना होगा। अधिकारी के मुताबिक संयंत्र का डिस्पोजल चैनल हिंडन नदी के किनारे स्थित होगा। इस संयंत्र को सौर ऊर्जा से भी युक्त किया जाएगा,ताकि बिजली की बचत हो सके।

प्राधिकरण की योजना सीवर के पानी को पुन: उपयोग में लाने की है। प्राधिकरण अधिकारी के मुताबिक द्वारा सभी एसटीपी अत्याधुनिक तकनीक सिक्वेंशियल बैच रिएक्टर (एसबीआर) से युक्त होंगे। इससे सीवरेज के संशोधन में पर्यावरण को किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचेगा।

# नोएडा में युवक पर चाकुओं से हमला

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक युवक पर चार लोगों ने हमला कर दिया। घटना करौली गांव की है। पीड़ित प्रदीप कुमार सोमवार शाम को घरेलू सामान खरीदने बाजार जा रहा था। हमलावरों की पहचान अजीत, मनोज, दीपक और नितिन के रूप में हुई है। अजीत करौली का रहने वाला है, जबकि अन्य तीन फलैदा के निवासी हैं। आरोपियों ने पहले पीड़ित से गाली-गलौज की। विरोध करने पर उन्होंने टूटी बीयर की बोतल, चाकू और लोहे के पंच से हमला कर दिया। पीड़ित को गंभीर हालत में ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी हमले के बाद जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। मंगलवार दोपहर को पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित मूल रूप से हापुड़ के समाना गांव का रहने वाला है और वर्तमान में करौली बांगर गांव में रह रहा है।

# किसानों की मांगों को लेकर ग्रेटर नोएडा में महापंचायत

## 19 मई को जिला मुख्यालय पर होगा आयोजन, विकसित प्लॉट और भूमि अधिग्रहण मुद्दे पर चर्चा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के अच्छेजा बुजुर्ग गांव में मंगलवार को किसान एकता संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक का संचालन प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा ने किया, जबकि अध्यक्षता सब्बीर प्रधान ने की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने किसानों की मांगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किसान 10 प्रतिशत विकसित प्लॉट, आबादी निस्तारण और 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून को लागू करने की मांग कर रहे हैं। किसान इन मुद्दों को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं।

सोरन प्रधान ने कहा कि जिला प्रशासन ने किसानों की समस्याओं का समाधान करने की बजाय उन्हें जेल भेजकर आंदोलन को दबाने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने किसानों से वार्ता के दौरान समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया था। लेकिन तीनों प्राधिकरण अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। इसी मुद्दे पर किसान संघर्ष मोर्चा गौतम बुद्ध नगर ने 19 मई को जिला मुख्यालय पर महापंचायत बुलाई है। इस महापंचायत में आगामी आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में पप्पे नागर, सतीश कनारसी, विक्रम नागर, कृष्ण बैंसला, ओमवीर प्रधान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।



# ग्रेटर-नोएडा के इंडस्ट्रियल टाउनशिप में बनेंगे रेलवे के उपकरण

## राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की 29 कंपनियां आई, 25 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में विकसित हो रहे इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में अब रेलवे के भी उपकरण तैयार किए जाएंगे। इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एएनडी हाईटेक इंडस्ट्रीज को 5.28 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। वहीं श्रीजी कंपनी इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जे बनाएगी।

इस साल विगत चार माह के दौरान कोरियन कंपनी जीकेएस डिजिटल समेत आठ कंपनियों को भूखंड आवंटित किए गए। जो लगभग 2524 करोड़ रुपए के निवेश के साथ छह हजार से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### 29 कंपनियों को दी जा चुकी जमीन

औद्योगिक टाउनशिप में अब तक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की 29 कंपनियों को जमीन दी जा चुकी है। इससे करीब 10 हजार करोड़ रुपए का निवेश आएगा। आने वाले समय में 25 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

2025 में जनवरी से लेकर अब तक आठ कंपनियों सोनालिका ट्रैक्टर्स, नोवा मैक्स इंडस्ट्रीज, विशन डिस्ट्रीब्यूशन, एएनडी हाईटेक इंडस्ट्रीज, जीकेएस डिजिटल इंडिया, डीएस एनएक्सट जेन, श्रीजी डीएलएम, नेपच्यून एनर्जी आदि को जमीन आवंटित की गई है।

अधिकारी के मुताबिक ट्रैक्टर और अन्य कृषि उपकरण निर्माता कंपनी सोनालिका टाउनशिप में अपना अनुसंधान और विकास केंद्र स्थापित करेगी। कृषि में उपयोग होने वाले ई-वाहन और उपकरणों की संभावनाओं पर भी काम करेगी। सोनालिका को 25.68 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। वहीं रेलवे के उपकरण बनाने वाली कंपनी को 5.28 एकड़ जमीन दी गई है। कोरियन कंपनी जीकेएस डिजिटल डाटा केबल बनाएगी।

टाउनशिप में हायर इलेक्ट्रानिक्स समेत चार विदेशी कंपनियों में उत्पादन शुरू हो गया है।

### अगले एक साल में 13 कंपनियां करेंगे उत्पादन

अगले एक साल में 13 अन्य कंपनियों में उत्पादन शुरू हो जाएगा। बता दें कि दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत 750 एकड़ में यह टाउनशिप विकसित की जा रही है। यहां उद्योग और आवासीय सहित सभी सुविधाएं एक ही परिसर में मिलेंगी।

प्राधिकरण अधिकारी के मुताबिक उद्योगों के लिए आरक्षित कुल 42 भूखंडों में से अब तक 29 भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। बाकी बचे 13 भूखंड अगले कुछ माह में आवंटित करने की तैयारी है।

### टाउनशिप में ये कंपनियां करेगी निवेश

हायर इलेक्ट्रानिक्स,जे वर्ल्ड इलेक्ट्रॉनिक्स मोबाइल पार्ट्स निर्माता, फार्मे मोबाइल व चेन फेंग एलईडी निर्माता कंपनी, एएनडी हाईटेक इंडस्ट्रीज, जीकेएस डिजिटल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, डीएस एनएक्सट जेन प्राइवेट लिमिटेड, श्रीजी डीएलएम, नेपच्यून एनर्जी, नोवा मैक्स, ट्रैक्टर कंपनी सोनालिका आदि शामिल हैं। इस टाउनशिप में जापान और सिंगापुर से भी निवेश आने की संभावना है।

# नोएडा के बिलासपुर में ट्रांसफॉर्मर में आग

**नोएडा।** बिलासपुर कस्बे के मुख्य बाजार में सोमवार देर रात एक विद्युत ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई। आग की चपेट में पास की बिजली लाइनें भी आ गईं। घटना के समय वहां मौजूद लोगों पर बिजली की चिंगारियां गिरीं। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रांसफॉर्मर से लगातार चिंगारियां निकलने की शिकायत विभाग को की गई है। पिछले कुछ महीनों में कई बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। लेकिन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे नाराज लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि समस्या का मूल कारण बिजली चोरी है। उनके अनुसार, अवैध कनेक्शन से होने वाली ओवरलोडिंग के कारण ट्रांसफॉर्मर और लाइनें क्षतिग्रस्त हो रही हैं।

# 50 साल तक जाम मुक्त होगा पश्चिम यूपी

## बोर्ड में जाएगा कोंप्रेहेंसिव मोबिलिटी प्लान; जारी होगी आरएफपी

**नोएडा।** पश्चिम यूपी का गौतमबुद्ध नगर सेंटर पाइंट है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, फिल्म सिटी , मेडिकल डिवाइस पार्क, न्यू नोएडा ( डीएनजीआईआर), न्यू आगरा जैसी बड़ी परियोजनाओं पर काम चल रहा है। पश्चिमी यूपी की इकोनॉमिक ग्रोथ के लिए ये काफी महत्वपूर्ण है। परियोजनाएं तभी सक्सेस होंगी जब इनको बेहतर और जाम फ्री रोड कनेक्टिवटी दी जाए। इसी के लिए नोएडा प्राधिकरण ने रीजनल कोंप्रेहेंसिव मोबिलिटी प्लान (सीएमपी) की परिकल्पना की थी। सीएमपी प्लान को लाने के लिए नोएडा , ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की बैठक होती रही है। साथ ही इसी प्लान को कैसे लागू किया जाए इसके लिए नोएडा के एक होटल में भी बैठक हो चुकी है। प्राधिकरण के एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि ये प्लान एक जिले के लिए नहीं बल्कि पूरे पश्चिम यूपी, दिल्ली और एनसीआर के अन्य शहरों के लिए है। उन्होंने बताया कि हर शहर का अपना मोबिलिटी प्लान है। उस प्लान में अन्य शहरों से कनेक्टिवटी और इंटरनल रोड इंफ्रा स्ट्रक्चर है। यहां हम बात पूरे जोन की कर रहे है। इस जोन में ट्रांसपोर्ट नेटवर्क, अर्बन ट्रांसपोर्ट, रीजनल ट्रांसपोर्ट , नेशलन और स्टेट रूल आदि को जोड़कर एक नया प्लान बनाया जा सके। इसके लिए ऐसी कंपनी चाहिए जो इन कार्यो कर चुकी है। इसलिए सभी अथारिटी के साथ हाल ही में एक बैठक की गई थी। जिसमें कई सुझाव दिए गए। इन सुझाव को आरएफपी में रखा जाएगा। संभवता आगामी बोर्ड में इन सुझाव को ले जाएंगे। वहां से अप्रूवल के बाद इसे जारी किया जाएगा।




# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा में बारिश के साथ गिरे ओले

### सड़कों पर भरा पानी, किसान बोले- फसलों को होगा फायदा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में मंगलवार शाम को तेज आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। जेवर, बिलासपुर, दनकौर और रबूपुरा समेत कई इलाकों में ओले गिरे। इस बारिश से पिछले कुछ दिनों से पड़ रही गर्मी से लोगों को राहत मिली। मौसम में आए इस बदलाव से पहले लोग गर्मी और बिजली की अघोषित कटौती से परेशान थे। बारिश के दौरान मुख्य सड़कों पर कई फीट पानी भर गया। स्थानीय लोगों के अनुसार ओलावृष्टि से कोई नुकसान नहीं हुआ। किसानों के लिए यह बारिश फायदेमंद साबित हुई है। इससे आगामी फसल की सिंचाई हो गई है। किसान इस बारिश से खुश नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार इस बारिश से तापमान में गिरावट आई है और मौसम सुहाना हो गया है।

## फल खरीदते समय युवक की हत्या

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर रेलवे स्टेशन रोड पर सोमवार शाम एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान बादलपुर कोतवाली के सादोपुर गांव निवासी 21 वर्षीय विशाल के रूप में हुई है। विशाल मंडी श्याम नगर कस्बे में रह रहे थे। वह सोमवार शाम फल खरीदने बाजार गए थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उन पर गोली चला दी। घायल विशाल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, विशाल करीब 2 वर्ष पहले एक हत्या के मामले में जेल में रह चुके थे। मृतक के पिता विजय ने बादलपुर कोतवाली के अच्छेजा गांव के कुछ लोगों पर रंजिश में हत्या का आरोप लगाया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## चोरी गए वाहन के बरामद होने पर क्लेम न देना सही

**नोएडा।** चोरी हुआ वाहन पुलिस जांच में बरामद होने के बाद बीमा कंपनी के क्लेम नहीं देने के फैसले को जिला उपभोक्ता आयोग ने सही ठहराया। बीमित वाहन के क्लेम दिलाने के लिए दायर वाद को आयोग ने खारिज कर दिया। नोएडा के सेक्टर 49 निवासी विकास सिंह ने अपने सगे भाई के जीविकोपार्जन के लिए वाहन खरीदा। वाहन का बीमा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी से कराया। 13 दिसंबर 2017 से 12 दिसंबर 2018 तक बीमा वैध था। 28 फरवरी 2018 को उसके भाई को नशीला पदार्थ खिलाकर कुछ लोग गाड़ी चोरी कर ले गए।जीपीएस के आधार पर ताजगंज आगरा में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने गाड़ी को तलाश किया, लेकिन गाड़ी नहीं मिली। उसकी अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में दायर की। वाहन चोरी की सूचना बीमा कंपनी को भी दी गई। उनके द्वारा बीमा कंपनी से क्लेम के लिए दस्तावेज दायर किए। बीमा कंपनी ने सर्वेयर की रिपोर्ट पर क्लेम को खारिज कर दिया। क्लेम नहीं मिलने पर जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया गया।

## घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**नोएडा।** सेक्टर-12 में बदमाशों ने घर का ताला तोड़कर लाखों के गहने और नगदी चोरी कर ली। घटना के समय पीड़ित परिवार गांव गया था। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर-24 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौतम ने पुलिस को बताया कि वह माता-पिता के साथ सेक्टर-12 के एम ब्लॉक में रहते हैं। घर में पहली मंजिल पर वह पत्नी और बच्चों के साथ रहते हैं, जबकि माता-पिता भूतल पर रहते हैं। पिछले दिनों माता-पिता गांव गए थे। 11 मई की सुबह सात बजे वह नीचे उतरे तो भूतल पर बने कमरे का ताला टूटा था।कमरे से सोने की अंगूठी, गले का हार, झुमके, कुंडल और 70 हजार रुपये गायब थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से चोरों की पहचान की जा रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

## कानून-व्यवस्था पर अपर पुलिस आयुक्त से चर्चा की

**नोएडा।** फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) और एनईए ने पदाधिकारियों ने मंगलवार को सेक्टर-108 स्थित कार्यालय में अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) राजीव नारायण मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान नोएडा शहर की सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में एनईए के अध्यक्ष विपिन मल्हन ने अपर पुलिस आयुक्त राजीव नारायण मिश्र के आने से सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ होने की उम्मीद जताई। इसके साथ ही उद्यमियों के साथ जल्द बैठक करने की मांग की। इस पर अपर पुलिस आयुक्त राजीव नारायण मिश्र ने जल्द सभी उद्यमियों के साथ बैठक करने का आश्वासन दिया।इस मौके पर महासचिव वीके सेठ, राकेश कोहली, सुधीर श्रीवास्तव, राहुल नैय्यर और एचके गुप्ता आदि उपस्थित रहे। वहीं, फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने प्रस्ताव रखा कि गुड इवनिंग कार्यक्रम को पुन: शुरू किया जाए।

## खालिस्तानी आतंकी ने 25 करोड़ की रंगदारी मांगी

**नोएडा।** खालिस्तानी आतंकी द्वारा निजी चैनल के चेयरमैन और व्यापारी से 25 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया। रंगदारी न देने पर ट्रेलर दिखाने की धमकी दी गई है। सेक्टर-24 थाने की पुलिस इस संबंध में वायरल हुए ऑडियो की जांच कर रही है। सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर मंगलवार को तीन मिनट 23 सेकेंड का ऑडियो वायरल हुआ, जिसमें एक कारोबारी और न्यूज चैनल के चेयरमैन से 25 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी जा रही है। इसमें दूसरी तरफ से बातचीत करने वाला व्यक्ति खुद को आतंकी कुलवीर सिंह सिद्धू बता रहा है। एनआईए ने उस पर दस लाख रुपये का इनाम रखा हुआ है।ऑडियो में वह कह रहा है कि अगर उसे समय से रुपये नहीं मिले तो चेयरमैन के घर पर ग्रेनेड फेंकवा देगा, जिसमें किसी की जान भी जा सकती है। आरोपी यह भी कह रहा है कि उसके बारे में अगर जानकारी जुटानी है तो पुलिस और एनआईए से संपर्क करें। आरोपी द्वारा पीड़ित के मोबाइल पर न्यूज कटिंग और वीडियो भी भेजे गए हैं।

# आजमगढ़ में बेटे ने पिता को मार डाला

## मां को पीटा तो कुल्हाड़ी से किया हमला, फिर चाकू से गला रेत दिया

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में मां को पीटने पर छोटे बेटे ने कुल्हाड़ी से पिता पर हमला कर दिया। पिता जब अधमरे हो गए तो चाकू से उनका गला रेत दिया। इससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। परिजन पुलिस को जानकारी दिए बिना ही शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर जाने लगे। इसी बीच किसी ग्रामीण ने पुलिस को सूचना कर दी। इसी बीच आरोपी बेटा घर से फरार हो गया।



पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने पड़ोसियों और किसान की पत्नी से पूछताछ की। आरोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। घटना बरदह थाना क्षेत्र की है।

### शादी में व्यवहार लिखवाने लिए पैसे मांगे तो पत्नी को पीटा

बरदह थाने के प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया, अजाऊर गांव निवासी राजेंद्र राजभर (55) किसान थे। वह अपनी पत्नी सिया देवी के साथ रहते थे। उनके दोनों बेटे अमित और सुमित गुजरात के सूरत में कपड़ा मिल में मजदूरी का काम करते हैं।

सुमित 15 दिन पहले गुजरात से आया था। जबकि अमित अपने परिवार के साथ एक दिन पहले गुजरात से घर पहुंचा था। मंगलवार सुबह अमित अपनी पत्नी और बच्चों को ससुराल छोड़ आया।

शाम करीब 4.00 बजे पड़ोसी विनोद की पत्नी राजेंद्र के घर बेटी की शादी का कार्ड लेकर पहुंची।

सिया देवी ने पति राजेंद्र से कहा- विनोद की बेटी की शादी दो दिन बाद है। विनोद की तरफ से व्यवहार में बर्तन आदि दिया गया था। इसलिए व्यवहार लिखवाने के लिए 3200 रुपए दे दो। पुलिस के मुताबिक, पैसे को लेकर पति-पत्नी में कहासुनी शुरू हो गई। मामला बढ़ा तो राजेंद्र ने पत्नी सिया देवी की पिटाई शुरू कर दी। सिया देवी का शोर सुनकर छोटा बेटा सुमित पहुंच गया। उसने मां को बचाया। फिर पिता राजेंद्र के साथ मारपीट करने लगा। पीटते-पीटते पिता को उसने चारपाई पर गिरा दिया।

### बड़े बेटे ने कुल्हाड़ी तो छोटे ने चाकू से किया वार

फिर दौड़कर कमरे से कुल्हाड़ी उठा लाया। सुमित ने कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार किए। कुल्हाड़ी से राजेंद्र की गर्दन-छाती पर गहरे घाव हो गए। फिर सुमित किचन से चाकू ले आया और पिता का गला रेत दिया।

करीब 15 मिनट तक आरोपी बेटे ने पिता पर वार किए। मौत हो जाने के बाद आरोपी ने खून साफ किया और अपने कपड़े बदले। फिर पिता के शव को कफन में लपेट दिया। करीब 5 बजे सिया देवी ने रोना शुरू कर दिया।

मोहल्ले के लोग पहुंच गए। बेटे ने बताया कि पिता सो रहे थे, तभी उनकी मौत हो गई। वह अंतिम संस्कार के लिए पिता के शव को लेकर जा रहा था। इसी बीच किसी ने पुलिस को फोन कर दिया। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी बेटा घर से फरार हो गया।

### पुलिस बोली- फरार आरोपियों को जल्द अरेस्ट करेंगे

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। क्षेत्राधिकारी लालगंज भूपेश पांडेय ने लोगों से पूछताछ की। सिया देवी से हत्या के बारे में जानकारी की। एसपी सिटी शैलेंद्र लाल का कहना है, कि मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

इसके साथ ही घटना में शामिल फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पति के 6 टुकड़े किए, सिर घाघरा में बहाया : धड़ कुएं में फेंका

## बलिया में पत्नी का 19 साल छोटे युवक से था अफेयर

**बलिया।** बलिया में एक महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति को 6 टुकड़ों में काट दिया। इसके बाद हाथ-पैर घटनास्थल से करीब 38 किलोमीटर दूर खरीद गांव के एक बगीचे में फेंक दिए थे। धड़ खरीद गांव से 500 मीटर दूर एक कुएं में डाल दिया था। इसके बाद सिर घाघरा नदी में बहा दिया था। 9 मई की रात हत्या करने के बाद पत्नी ने 10 मई को पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज करवा दी।

सोमवार देर रात पुलिस ने आरोपी प्रेमी का एनकाउंटर कर गिरफ्तार कर लिया। उसके पैर में गोली लगी है। वहीं आरोपी पत्नी को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया। इस वारदात में साथ देने वाले 2 अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। ये दोनों आरोपी बिहार भाग रहे थे। मामला बलिया के बहादुरपुर मोहल्ले का है।

बहादुरपुर मोहल्ले में रहने वाले देवेंद्र राम (62) बॉर्डर रोड्स ऑर्गेनाइजेशन से रिटायर हुए थे। 28 साल पहले उनकी शादी माया देवी (44) से हुई थी। दोनों की 3 बेटियां और 1 बेटा है। बड़ी बेटी जयपुर में रहकर प्राइवेट नौकरी करती है। मंझली बेटी नोएडा में रहकर नौकरी करती है। छोटी बेटी कोटा में हृश्वश्वज्ञ की तैयारी कर रही है। बेटा भी पढ़ाई कर रहा है।

### 4 साल पहले शुरू हुआ था अफेयर

देवेंद्र नौकरी के सिलसिले में अक्सर बाहर रहते थे। देवेंद्र का एक घर खेजूरी थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव में भी है। रिटायर होने के बाद भी देवेंद्र ज्यादातर गांव वाले घर में रहते थे। लेकिन, माया शहर वाले घर में अकेले ही रहती थी। इसी बीच, करीब 4 साल पहले माया की अनिल यादव (23) पुत्र सरल यादव से मुलाकात हुई। जल्द ही दोनों के बीच अफेयर शुरू हो गया। अनिल अक्सर देवेंद्र के नहीं होने पर माया के घर पर ही रहता था। अनिल यादव ट्रक ड्राइवर है। वह बलिया के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के खरीद गांव का रहने वाला है।

धीरे-धीरे यह बात मोहल्लेवालों को पता चल गई। फिर कुछ ही दिनों में देवेंद्र और उनके बच्चों को भी माया के अफेयर के बारे में पता चल गया। अनिल को लेकर घर में अक्सर खूब झगड़ा होता रहता था। देवेंद्र कई बार माया की पिटाई भी कर देते थे। इससे माया काफी परेशान रहती थी। इसी बीच उसने अनिल के साथ मिलकर देवेंद्र की हत्या करने का प्लान बनाया।

# दो बाइक की टक्कर में तीन युवक की मौत

**चंदौली।** चंदौली के धानापुर थाना क्षेत्र के वर्दी साड़ा में मंगलवार सड़क हादसा हुआ। दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई।

मृतकों की पहचान अभिषेक राय (18), प्रदीप राय (28) और नीरज कुमार (20) के रूप में हुई है। हादसे में जान गंवाने वाले अभिषेक और प्रदीप अमरा गांव के रहने वाले और चचेरे भाई थे।

दोनों मंगलवार शाम जमुरना गांव से आटा पिसवाकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। वहीं, तीसरा युवक नीरज कुमार, पौरा (सकलडीहा) का निवासी था, जो अपने ननिहाल अमरा से वापस घर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों युवक अलग-अलग दिशाओं में जा गिरे। राहगीरों ने गंभीर रूप से घायल युवकों को तत्काल धानापुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने अभिषेक और प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। नीरज की मौत अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हो गई।

मृतक अभिषेक अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसके निधन के बाद घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। तीनों मृतकों के परिवार मजदूरी करके गुजर-बसर करते हैं।

# कानपुर में 50 दुकानें राख, 5 सिलेंडर और बैट्रियां फटीं

## 35 से अधिक गाड़ियां जलीं, 7 लोग झुलसे, 3 किमी तक दिखा धुआं

**कानपुर।** कानपुर के कलक्टर गंज की पुरानी गल्लामंडी में मंगलवार दोपहर अचानक आग लग गई। गल्ला, किराना, मूंगफली और दवा की दुकानें जल गईं। आग की चपेट से आकर 5 सिलेंडर फट गए।

ई- रिक्शा की बैटरियों में भी जोरदार धमाके हुए। कुछ तेल और मोबिल आयल के ड्रमों में भी विस्फोट हुआ। आग में 3 चार पहिया वाहन, 12 ई-रिक्शा और करीब 20 दोपहिया वाहन जलकर राख हो गए। आसमान में उठा धुएं का गुबार 3 किमी दूर तक देखा गया।

7 लोग 50 फीसदी से ज्यादा झुलस गए। उन्हें उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीएफओ दीपक शर्मा ने



बताया- करीब 50 दुकानों और गोदामों में आग लगी। यहां पर बारदाने और बोरे सिलने का भी काम किया जाता है। फायर ब्रिगेड की 15 गाड़ियों से आग पर काबू पाया गया। व्यापारी नेता का दावा है कि 50 करोड़ का नुकसान हुआ है। कलक्टर गंज घनी आबादी वाला इलाका है। मंगलवार दोपहर 3 बजे अचानक आग भड़क उठी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के बाद चारों ओर घना धुआं छा गया। 1 किमी दूर सेंट्रल रेलवे स्टेशन क्षेत्र तक धुआं फैल गया।

स्टेशन के आस-पास के यात्री और स्थानीय लोग भी इस धुएं की वजह से घबरा गए। सिलेंडर और बैट्रियों के फटने से दुकानदार और मजदूर जान बचाकर भागने लगे।

संकरी गलियों और भारी धुएं के कारण राहत कार्यों में मुश्किलें आईं। पुलिस फोर्स और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। यह इलाका थोक व्यापार के लिए जाना जाता है। यहां गल्ला और दाल मंडी है। इसलिए व्यापारियों को करोड़ों के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

### धमाके के साथ लगी आग

किराना कारोबारी दिनेश गुप्ता ने बताया कि आग में उनका आकाश किराना स्टोर पूरी तरह से जलकर राख हो गया। यहां 50 से अधिक दुकानें जली हैं। दुकानों के आसपास खड़े दोपहिया वाहन भी जल गए।

उन्होंने बताया- तारपीन तेल की दुकान में सबसे पहले आग लगी, फिर धमाका हुआ। धुएं के गुबार के साथ आग का गोला ऊपर की तरफ उठा। इसके बाद हम सब भागे। दुकान पर मौजूद ग्राहक भी भागने लगे। देखते ही देखते आग अन्य दुकानों में भी लग गई।

# यातायात पुलिस ने बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर सख्ती कर काटे चालान

**ललितपुर।** यातायात पुलिस ने बिना नंबर प्लेट फॉल्टी नंबर प्लेट व मोडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ चलाया चेकिंग अभियान। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर *बिना नंबर प्लेट/फॉल्टी नंबर प्लेट और मोडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ अभियान चलाया गया, अभियान के दौरान 8 वाहनों से मोडिफाइड साइलेंसर निकलवाए गए और 5 बिना नंबर प्लेट के वाहनों को सीज



किया गया। उक्त के अतिरिक्त यातायात पुलिस द्वारा चौराहों पर जागरूकता अभियान चलाया गया और आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया यथा- दो पहिया वाहन पर चालक और पीछे बैठी सावरी अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाएं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, सीट बेल्ट अवश्य बांधे, मोडिफाइड साइलेंसर न लगवाएं, लेन ड्राइविंग का पालन करें प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत 103 वाहनों का एम.वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान किया गया।

## रिश्वत लेते वन दरोगा गिरफ्तार

**ललितपुर।** ललितपुर में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने वन विभाग के दरोगा राजकुमार तिवारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। दरोगा से 6500 रुपए की रिश्वत बरामद की गई है। व्यापारी जितेंद्र कुमार जैन ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी। जैन ने डेढ़ महीने पहले महुआ खरीद का लाइसेंस रिन्यू कराया था। महुआ की गाड़ी बाहर भेजने के लिए टीपी की जरूरत होती है। इसका खर्च 2000 से 2500 रुपए तक आता है। दरोगा राजकुमार तिवारी डीएफओ के हस्ताक्षर के लिए 6500 रुपए की रिश्वत मांग रहा था। व्यापारी पहले ही तीन बार पैसे दे चुका था। इसके बावजूद दरोगा अतिरिक्त पैसों की मांग कर रहा था। 3 मई को व्यापारी ने टीपी के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। रिश्वत न मिलने पर दरोगा ने टीपी नहीं बनाई।

# लखनऊ में छात्रा ट्रेन से कटी

**कोचिंग जाने के लिए घर से निकली, हेडफोन लगाकर रेलवे लाइन पार कर रही थी**

**लखनऊ।** लखनऊ के मोहिबुल्लापुर रेलवे स्टेशन के पास एक छात्रा ट्रेन से कट गई। हादसे के वक्त छात्रा ने कान में इयरफोन लगा रखा था। जिससे उसको ट्रेन का हार्न नहीं सुनाई दिया। जीआरपी ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

सीतापुर के खैराबाद निवासी दिव्यांशी (22) पुत्री रूप नारायण मड़ियांव के अजीज नगर में रहकर बैंकिंग की कोचिंग कर रही थी। लखनऊ में अपने भाई-बहन के साथ रहती थी। जीआरपी सिटी चौकी इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि दिव्यांशी मोहिबुल्लापुर प्लेटफार्म नंबर एक के पास रेलवे लाइन क्रॉस कर रही थी। तभी दूसरी तरफ से ट्रेन आ गई। आसपास मौजूद लोगों ने ट्रेन आता देख शोर मचाकर दिव्यांशी को हटने के लिए कहा लेकिन उसने कान में ईयर फोन लगा रखा था। जिसकी वजह से उसको आवाज सुनाई नहीं दी। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। भाई आदित्य ने बताया कि दिव्यांशी कोचिंग जाने की बात कहकर घर से निकली थी।

### जीआरपी ने परिवार को जानकारी दी

घर में अक्सर इयरफोन लगाकर रहती थी। घटना की जानकारी जीआरपी ने परिवार को दी। दिव्यांशी की मौत की खबर सुन परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। परिवार ने किसी पर कोई आरोप भी नहीं लगाया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने गाली गलौज, मारपीट कर अवैध रूपयो की मांग करने के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक एंव क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में, जनपद में अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 0535/2025 धारा 115(2), 119(1), 127(2), 351(3) भादवि व मु0अ0सं0 0538/2025 धारा 351(3), 352 भादवि के अभियोग में वाँछित अभियुक्तगण मोहसिन कुरैशी पुत्र सलीम कुरैशी निवासी मु0 कसाई मण्डी थाना कोतवाली उम्र करीब 24 वर्ष सूरज अहिरवार उर्फ फुल्ला पुत्र देवेन्द्र कुमार निवासी मुहल्ला झाँसीपुरा थाना कोतवाली ललितपुर उम्र करीव 29 वर्ष को मुखविर की सूचना पर हवाई पट्टी शिवनी की ओर मैदान मे झाडियो के पास थाना कोतवाली ललितपुर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अभि0 मोहसिन कुरैशी उपरोक्त की जामा तलाशी के दौरान कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर व दो अवैध जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुये।

# एसपी ने जूम मीटिंग कर परखी जिले की कानून व्यवस्था

## पुलिस अधिकारियों, थाना व शाखा प्रभारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधि0/थाना/शाखा प्रभारियों के साथ अपराध एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में जूम मीटिंग संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मीटिंग के बिन्दु निम्नवत हैं।

जनपद में अपराधों की समीक्षा की गयी तथा लम्बित विवेचनाओं/पार्ट पीआई का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र उचित निस्तारण कराया जाए तथा अभियोगो में वांछित/NBW/कुर्की अभियुक्तों की शीघ्र नियमानुसार गिरफ्तारी/तामीला कराना सुनिश्चित करें।

लूट/डकैती/चोरी/छिनैती की घटनाओं के रोकथाम हेतु समस्त क्षेत्राधिकारियों/थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्रों में रात्रि के समय



भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद के समस्त थानों के अंतर्राज्जीय बोर्डर पर बैरियर लगाकर सघन चैकिंग करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतो की प्रतिदिन समीक्षा कर, उनका उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर आवेदक की समस्या का शत-प्रतिशत निराकरण कराना सुनिश्चित करें तथा शिकायतकर्ता से शत - प्रतिशत फीड बैक लेना सुनिश्चित करें।

जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने रखने हेतु समस्त थाना प्रभारी/यातायात प्रभारी प्रतिदिन बिना नम्बर प्लेट वाहनों की प्रभावी चैकिंग करने तथा वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, हेलमेट/सीट बेल्ट का उपयोग न करने वाले तथा रोड़ पर स्टंटबाजी करने वाले वाहन चालको /स्वामियों के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। गुमशुदा/अपहृत बालक /बालिकाओं की शीघ्र बरामदगी हेतु समस्त क्षेत्राधिकारियों/थाना प्रभारियों की निर्देशित किया गया। लूट/डकैती/नकबजनी / चोरी/झपटमारी के अपराधों से सम्बन्धित, विशेष अभियान चलाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। थाना क्षेत्र के अभ्यस्त अपराधियों/ हिस्ट्रीशीटर का भौतिक सत्यापन कर, उनकी सतत निगरानी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुये उनके विरुद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही अपने स्तर से कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि अवैध विस्फोटक पदार्थों, अवैध शस्त्रों, अवैध शराब निर्माण व बिक्री, जुआ, सट्टा आदि प्रकार के अवैध कार्य किसी भी दशा में जनपद में न हो सकें।

सर्राफा बाजार में व्यापारियों के आवागमन व भीड़-भाड़ वाले रास्तों पर पुलिस पेट्रोलिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# शार्ट न्यूज

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल कैद

**ललितपुर।** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा जनपद में अपराधियों को शीघ्र अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में अभियुक्त प्रमोद चौरसिया पुत्र धर्मराज चौरसिया नि0 मुहल्ला तालाबपुरा थाना कोतवाली जनपद ललितपुर के विरूद्ध थाना कोतवाली ललितपुर में मु0अ0सं0 480/18 धारा 376/363/366ए/504/506 आईपीसी व 4(2) पाक्सो एक्ट व 3(2)5 एससी/एक्ट का अभियोग पंजीकृत हुआ था। जिसमें वैज्ञानिक व तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर समयवद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना संपादित कर अभियुक्त प्रमोद उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा उपरोक्त प्रकरण की निरन्तर प्रभावी पैरवी करवायी गयी जिसमें थाना कोतवाली ललितपुर पुलिस, कोर्ट पैरोकार व अभियोजन पक्ष के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी करते हुए दिनांक 13.05.2025 को माननीय न्यायालय एडीजे पाक्सो एक्ट जनपद ललितपुर द्वारा अभियुक्त प्रमोद उपरोक्त को दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास व 30 हजार रूपये धनराशि के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश के संभावित जनपद दौरे को लेकर तैयारियां तेज़

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**

**सीतापुर।** बुधवार को महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश के संभावित सीतापुर दौरे को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियों का जायज़ा लिया गया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने आज राजकीय इंटर कॉलेज, सीतापुर स्थित हेलिपैड एवं कार्यक्रम स्थल भूमिजा बहुद्देश्यीय हाल, खैराबाद का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, जनसुविधाओं एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने निर्देश देते हुए कहा कि महामहिम के आगमन, कार्यक्रम स्थल पर उपस्थिति तथा प्रस्थान तक पुलिस बल पूर्ण सतर्कता, निगरानी एवं चौकसी बरते। साथ ही अनाधिकृत गतिविधियों पर विशेष ध्यान रखा जाए।

## प्रधानमंत्री की आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने वाला पहुचा सलाखों के पीछे

**सीतापुर।** जनपद की कोतवाली महोली क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर देश के प्रधानमंत्री की फोटो पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ आपत्तिजनक रूप में वायरल की गई। जिसके बाद हिन्दू संगठनों में रोष व्याप्त हो गया। तत्काल प्रभाव से हिन्दू संगठन के पदाधिकारी द्वारा सम्बन्धित कोतवाली में शिकायती पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत करने के लिए कहा गया। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना के जिलाउपाध्यक्ष सूरज हिन्दू के द्वारा कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया गया कि छोटक्के पुत्र शाकिर के द्वारा सोशल मीडिया पर दुश्मन देश के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की फोटो के साथ भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री की फ़ोटो आपत्तिजनक रूप से डाली गई हैं जिससे समाज मे रोष व्याप्त हैं।हम लोग सड़क पर उतर कर उपरोक्त व्यक्ति के विरुद्ध प्रदर्शन करेंगे। जिसके बाद महोली पुलिस तत्काल प्रभाव से मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया और अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरू कर दी हैं।

## कर्ज में डूबे व्यापारी ने किया सुसाइड

**गोरखपुर।** गोरखपुर में एक व्यापारी ने सुसाइड कर लिया। वह कर्ज में डूबे थे। व्यापारी यहां यहां मेडिकल स्टोर और ट्रेवल्स एजेंसी चलाते थे। मंगलवार को उनकी फंदे से लटकती हुई लाश मिली। घटना शाहपुर इलाके के बसंत विहार कॉलोनी की है। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की पड़ताल में जुट गई है। दरअसल, शाहपुर इलाके के बसंत विहार कॉलोनी निवासी रुपेश कुमार गुप्ता (35) असुरन चौराहे के पास चित्रा मेडिकल स्टोर के साथ बेतियाहाता में ट्रेवल एजेंसी चलाने थे। उनकी पत्नी प्रियंका गुप्ता और दो बेटी हैं। मेडिकल स्टोर पर उनकी भाभी बबिता गुप्ता बैठती हैं, इनके पति उमेश गुप्ता की कोरोना में मौत हो गई थी। इनका कोई संतान नहीं हैं। जबकि, रूपेश गुप्ता मेडिकल स्टोर की देखभाल के साथ ट्रेवल्स एजेंसी और रेलवे टिकट बुकिंग भी करते थे। बताया जा रहा कि वह बैंक और सूदखोरों से कर्ज लेकर कई गाड़ियां खरीदी थी। जिसे बुकिंग पर चलवाते थे। मेडिकल स्टोर की किराया भी लगभग 50 हजार रुपये देते थे।

## आजमगढ़ में सहायक अध्यापक निलंबित

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले में परिषदीय विद्यालयों में एक दूसरे पर फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कार्रवाई की है। जिले के महराजगंज ब्लॉक के रुद्रपुर प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक अरुण कुमार मौर्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। अरुण कुमार मौर्या पर आरोप है कि उन्होंने अजमतगढ़ शिक्षा क्षेत्र में तैनात सहायक अध्यापक की फोटो के साथ आपत्तिजनक टिप्पणी को जोड़कर फेसबुक पर पोस्ट कर दिया था। मामले में बीएसए से शिकायत के बाद स्पष्टीकरण मांगा गया था। जिस पर आरोपी शिक्षक ने जवाब दिया था। कि किसी ने उनके फेसबुक एकाऊंट को हैक कर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी है। हालांकि अपने दावे के पक्ष में उन्होंने कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया कि उनका फेसबुक एकाउंट हैक हुआ है। मामले को संज्ञान लेते हुए बीएसए राजीव पाठक ने अरुण कुमार मौर्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। वहीं उनको खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोयलसा से संबंद्ध कर दिया है।

## फ्लैट में नर्स ने फांसी लगाकर जान दी

**कानपुर।** कानपुर के काकादेव स्थित एक फ्लैट में रह रही नर्स ने अज्ञाता कारणों से फांसी लगा ली। फ्लैट बंद होने की सूचना पर पहुंची पुलिस किसी तरह फ्लैट के अंदर गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूलरूप से महोबा के चरखारी निवासी चंद्र मोहन तिवारी एसबीआई बैंक से क्लर्क के पद से रिटायर है। बेटा गोपाल मेट्रो में जॉब करता है और अपने परिवार के साथ केशवनगर में रहता है। जबकि बेटी काजल (28) काकादेव के एवन मार्केट स्थित एक फ्लैट में रह कर स्वरुप नगर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में स्टाफ नर्स का काम करती थी। मंगलवार रात को लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि फ्लैट कल से बंद है। सूचना पर पहुंची पुलिस किसी तरह से दरवाजा खोलकर अंदर पहुंची तो काजल का शव फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराये। इंस्पेक्टर काकादेव ने बताया कि परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता सके है। परिजन अक्सर उसके पास आते जाते रहते थे। कुछ दिन पहले ही परिजन उससे मिलकर वापस गये थे। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच की जा रही है।

## बदायूं में शराब दुकान के सेल्समैन की हत्या

**बदायूं।** बदायूं के कुंवरगांव थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक शराब दुकान के सेल्समैन की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान बिनावर थाना क्षेत्र के गांव रांझौरा निवासी मुकेश (35) के रूप में हुई है। घटना रात करीब 10 बजे की है। मुकेश देसी शराब की दुकान बंद करने से पहले दिन की बिक्री का कैश गिर रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक वहां पहुंचे। उनमें से एक ने तमंचा निकालकर मुकेश पर गोली चला दी। हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायल मुकेश को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसएसपी डॉ ब्रजेश सिंह के नेतृत्व में एसओजी टीम जांच में जुटी है। परिजनों का कहना है कि यह लूट की वारदात है। हालांकि, एसएसपी के अनुसार अभी तक लूट का कोई प्रमाण नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### चौथे दौर की परमाणु वार्ता से अमेरिका व ईरान उत्साहित

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिकी व ईरानी प्रतिनिधियों के बीच रविवार को चौथे दौर की बैठक हुई। एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि वार्ता के दौरान विभिन्न मुद्दों को लेकर अमेरिकी व ईरानी वार्ताकार उत्साहित हैं। यह वार्ता ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इसी हफ्ते पश्चिम एशिया का दौरा करने वाले हैं। ओमान की राजधानी मस्कट में यह वार्ता ओमानी अधिकारियों की मध्यस्थता में करीब तीन घंटे चली। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई के हवाले से सरकारी टेलीविजन ने बताया कि वार्ता लंबी चली और अगले दौर की वार्ता के लिए चर्चा जारी है। हालांकि, बघाई ने ब्योरा नहीं दिया। बंद कमरे में हुई बातचीत के बारे में एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा, वार्ता को जारी रखने पर सहमति बनी है। इसमें तकनीकी पहलुओं पर काम किया जाएगा। हम आज के परिणाम से उत्साहित हैं और अगली बैठक की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जो निकट भविष्य में होगी।

### गाजा में बचे आखिरी अमेरिकी बंधक की रिहाई होगी, गाजा-इजराइल के बीच हमले जारी

**गाजा, एजेंसी।** हमास ने रविवार को घोषणा की कि वह गाजा में जीवित बचे अमेरिकी बंधक, एडन अलेक्जेंडर को रिहा करेगा। एडन एक इजरायली–अमेरिकी सैनिक है। जिसका 7 अक्टूबर 2023 को अपहरण कर लिया गया था। डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में इस खबर की पुष्टि करते हुए लिखा कि 21 वर्षीय अलेक्जेंडर अपने परिवार के पास घर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा– यह अमेरिका और मध्यस्थों (कतर और मिस्र) के प्रयासों के बाद यह कदम उठाया गया था, ताकि इस युद्ध को खत्म किया जा सके और सभी जीवित बंधकों को उनके घर भेजा जा सके। हालांकि, गाजा में इजराइली हमले अब भी बंद नहीं हुए हैं। 11 मई को हुए इजराइली हमलों में 15 लोगों की मौत हो गई, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

### मेक्सिको की बाजा कैलिफोर्निया की गवर्नर और उनके पति के अमेरिकी टूरिस्ट वीजा रद्द

**सैक्रामेण्टो, एजेंसी।** मेक्सिको के बाजा कैलिफोर्निया राज्य की गवर्नर मरीना डेल पिलर एविला ओल्मेडा ने रविवार को सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने उनके और उनके पति के टूरिस्ट वीजा रद्द कर दिए हैं। गवर्नर ने इस कदम के कारण का खुलासा नहीं किया, और न ही अमेरिकी दूतावास ने इस मामले पर कोई टिप्पणी की है। गवर्नर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि यह स्थिति दोनों के लिए संतोषजनक तरीके से स्पष्ट हो जाएगी। बता दें कि बाजा कैलिफोर्निया राज्य कैलिफोर्निया से सीमावर्ती है, और दोनों राज्यों के बीच व्यापारिक रिश्ते काफी गहरे हैं।

### अर्जेंटीना के सुप्रीम कोर्ट को नाजी शासन से जुड़े अभिलेख मिले

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** अर्जेंटीना के सुप्रीम कोर्ट को अपने अभिलेखों में नाजी शासन से जुड़े दस्तावेज मिले हैं, जिसमें प्रचार सामग्री भी शामिल है जिसका इस्तेमाल दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र में एडॉल्फ हिटलर की विचारधारा को फैलाने के लिए किया गया था, अदालत के एक न्यायिक अधिकारी ने रविवार को एसोसिएटेड प्रेस को बताया। न्यायिक अधिकारी ने कहा कि अदालत को यह सामग्री तब मिली जब वह अपने ऐतिहासिक दस्तावेजों के साथ एक संग्रहालय बनाने की तैयारी कर रहा था। अधिकारी ने आंतरिक नीतियों के कारण नाम न बताने का अनुरोध किया। दस्तावेजों में उन्हें जर्मन शासन से पोस्टकार्ड, तस्वीरें और प्रचार सामग्री मिली। अधिकारी ने कहा कि कुछ सामग्री का उद्देश्य द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अर्जेंटीना में एडोल्फ हिटलर की विचारधारा को मजबूत करना और उसका प्रचार करना था। माना जाता है कि ये बक्से 20 जून, 1941 को ब्यूनस आयर्स में 83 पैकेजों के आगमन से संबंधित हैं, जिन्हें टोक्यो में जर्मन दूतावास द्वारा जापानी स्टीमशिप नान–ए–मारू पर भेजा गया था।

### अमेरिका में लिस्टेरिया प्रकोप में 10 लोग बीमार


**लिस्टेरिया, एजेंसी।** अमेरिकी संघीय अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका में कम से कम 10 लोग तैयार खाद्य उत्पादों से जुड़े लिस्टेरिया प्रकोप में बीमार हुए हैं और एक निर्माता स्वेच्छा से कई उत्पादों को वापस बुला रहा है। यू.एस. खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने शनिवार को कहा कि संघीय, राज्य और स्थानीय अधिकारी सैन फर्नांडो, कैलिफोर्निया के फ्रेश रेडी फूड्स एलएलसी द्वारा उत्पादित खाद्य पदार्थों से जुड़े प्रकोप की जांच कर रहे हैं। एफडीए का कहना है कि बीमार पड़ने वाले 10 लोग कैलिफोर्निया और नेवादा में थे, और उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता थी। एजेंसी ने कहा कि ये उत्पाद एरिजोना, कैलिफोर्निया, नेवादा और वाशिंगटन में खुदरा विक्रेताओं और खाद्य सेवा बिक्री बिंदुओं सहित अस्पतालों, होटलों, सुविधा स्टोर, हवाई अड्डों और एयरलाइनों द्वारा बेचे गए थे। लिस्टेरिया के लक्षण आमतौर पर दूषित भोजन खाने के दो सप्ताह के भीतर शुरू होते हैं। हल्के मामलों में बुखार, मांसपेशियों में दर्द, मतली, थकान, उल्टी और दस्त शामिल हो सकते हैं, जबकि अधिक गंभीर लक्षणों में सिरदर्द, गर्दन में अकड़न, भ्रम, संतुलन की कमी और ऐंठन शामिल हो सकते हैं।

## पाकिस्तान में अपनी सेना तैनात करेगा चीन

# पहले किया विरोध... जिनपिंग ने दिखाई आंख तो ढीले पड़े शहबाज

**बीजिंग, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान युद्ध की दहलीज पर खड़े हैं और फिलहाल अपने कदम पीछे खींचते दिख रहे हैं। दोनों देश लगभग युद्ध की स्थिति में थे। लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की इस स्थिति में चीन ने एक बार फिर वही किया जिसके लिए वह जाना जाता है, दोहरा खेल। ऊपर से देखने पर भले ही ऐसा लगे कि चीन ने शांति और बातचीत पर जोर देकर कूटनीतिक संतुलन बनाने की कोशिश की है, लेकिन खिड़की के अंदर खड़े होकर देखने पर पता चलता है कि चीन दरअसल दोहरा खेल खेल रहा है। शिन्हुआ विश्वविद्यालय के माओ केई और साउथ एशियन रिसर्च ग्रुप के चेन झोउ ने चीनी वेबसाइट गुआंचा में एक लेख लिखा है। जिसमें उन्होंने अक्साई चिन में चीनी सैनिकों की तैनाती की बात कही है और लिखा है कि ये चीनी सैनिक दरअसल भारत और पाकिस्तान के बीच एक बड़े युद्ध को रोकने के लिए वहां मौजूद हैं।

इस लेख में दोनों ने भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच चीन की कूटनीति को समझाने की कोशिश की है। उन्होंने लिखा कि कुछ हद तक, चीन भारतीय कार्रवाई से पहले पाकिस्तान को मजबूत समर्थन जारी करके भारतीय आक्रामकता को रोकना चाहता था, लेकिन एक बार जब भारत ने कार्रवाई शुरू कर दी, तो ऐसे बयानों के लिए कोई जगह नहीं थी। उसके बाद बीजिंग को कड़ी चेतावनी जारी करने की कोई आवश्यकता नहीं थी। इसके बजाय, वह बातचीत का आग्रह करने और शांति को बढ़ावा देने के अपने पारंपरिक रुख पर लौट आया। उन्होंने लिखा कि बयानबाजी में यह सूक्ष्म बदलाव क्षेत्रीय स्थिरता के प्रति चीन की गहरी



चिंता और जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है।

### चीन की दोहरी कूटनीति

उन्होंने लिखा कि इससे पहले पाकिस्तान के बयानों का समर्थन करके चीन ने भारत पर कोई बड़ी सैन्य कार्रवाई न करने के लिए अप्रत्यक्ष दबाव बनाने की कोशिश की थी। जब भारत ने सीमित सैन्य कार्रवाई शुरू की, तो बीजिंग अपनी पारंपरिक शांति की भाषा पर लौट आया। उन्होंने लिखा है कि चीन का यह रवैया उसकी परंपराओं के अनुरूप है, जिसमें वह क्षेत्रीय शांति चाहता है। इस लेख के अनुसार, चीन की इस रणनीति का उद्देश्य भारत जैसी मजबूत पार्टी को पहले ही गंभीर चेतावनी देना था, ताकि वह गंभीर सैन्य कार्रवाई करने से बच जाए। इस नीति के तहत, पाकिस्तान को व्यावहारिक रूप से लाभ पहुंचाया गया, क्योंकि वह एक कमजोर देश है। दूसरे शब्दों में, पाकिस्तान को कमजोर पक्ष बताकर चीन उस आतंकवाद का समर्थन कर रहा है, जिसके खिलाफ भारत लड़ रहा है। यानी अगर कोई देश आतंकवाद फैलाता है और कमजोर है तो क्या उसकी जवाबदेही तय नहीं होनी चाहिए?

लेकिन शांति की बात करने वाले चीनी विशेषज्ञों ने इस बीच एक विवादास्पद दावा किया है कि 2020 से चीनी सैनिक भारतीय नियंत्रित कश्मीर के पास तैनात हैं। और उनकी उपस्थिति दक्षिण एशिया में शांति की अंतिम गारंटी बन गई है। यह काफी सनसनीखेज खुलासा है कि चीनी सैनिक पीओके में मौजूद हैं। यानी भारत की सीमा के पास चीनी सैनिकों की मौजूदगी एक बहुत बड़े खतरे को दर्शाती है। यह खुलासा भारत की संप्रभुता और सामरिक स्वायत्तता को चुनौती देता है। यह सिर्फ सैन्य तैनाती नहीं है, बल्कि बीजिंग की ओर से एक धमकी भी है, जिसमें वह यह कहना चाह रहा है कि अगर भारत पीओके को हासिल करने के लिए सैन्य अभियान शुरू करता है, तो उसे कोई भी बड़ा कदम उठाने से पहले चीन की मौजूदगी को ध्यान में रखना होगा। यानी चीन युद्ध की धमकी देकर पाकिस्तान को बचाने की कोशिश कर रहा है।

## सेना बोली- हमारी कस्टडी में कोई भारतीय सैनिक नहीं-कहा- ये मीडिया का प्रोपेगेंडा



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल चौधरी ने पुष्टि की कि हालिया सैन्य झड़पों के बाद पाकिस्तान सेना की हिरासत में कोई भी भारतीय पायलट नहीं है। यह सब सोशल मीडिया की अफवाहें हैं, फेक न्यूज और प्रोपगेंडा का हिस्सा हैं जो कई सोर्स से फैलाया गया है। इधर, भारत के खिलाफ पाकिस्तानी सेना के ऑपरेशन बनयान-उन-मर्सूस की सफलता पर देशभर में यौम-ए-तशक्कुर मनाया गया। यौम-ए-तशक्कुर एक उर्दू शब्द है, जिसका अर्थ होता शुक्रिया का दिन। पीएम शहबाज ने शनिवार को भारतीय आक्रमण का करारा जवाब देने के लिए पूरे देश में यौम-ए-तशक्कुर मनाने की घोषणा की थी। दोनों देशों में सीजफायर और इससे पहले जारी टकराव के बारे में विस्तार से जानने के लिए नीचे दिए ब्लॉग से गुजर जाइए...

### पूर्व विदेश सचिव बोले- भारत पीछे हटने पर मजबूर हुआ

पाकिस्तान के पूर्व विदेश सचिव ऐजाज चौधरी ने दावा किया कि पाकिस्तान के कड़ी जवाबी कार्रवाई ने भारत को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। भारत से कश्मीर विवाद को हल करने के लिए बातचीत करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच लंबे वक्त से चले आ रहे तनाव को हल करने के लिए यह बातचीत जरूरी है। ऐजाज ने कहा कि तनाव बढ़ाने के बजाए बातचीत ही आगे बढ़ने का एक रास्ता है। अगर भारत बातचीत के लिए बैठता है, तो इससे उन्हें भी फायदा होगा।


## मिल्वौकी में मदर्स डे पर अपार्टमेंट में लगी भीषण आग, चार की मौत; खिड़कियों से निकाले गए लोग

**मिल्वौकी, एजेंसी।** मिल्वौकी में मदर्स डे पर एक अपार्टमेंट में भीषण आग लग गई। आग कई मंजिलों तक फैल गई। इसमें चार लोगों की मौत हो गई। जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। आग इतनी विकराल थी अग्निशमन दल ने लोगों को खिड़कियों से निकाला। मिल्वौकी अग्निशमन प्रमुख आरोन लिप्स्की ने बताया कि आग लगने के कारण 85 फ्लैट वाली इमारत पूरी तरह से बर्बाद हो गई। यहां से 200 लोगों को दूसरे स्थान पर जाने को मजबूर होना पड़ा। अग्निशमन दल को कॉल पर बताया गया कि लोग चार मंजिला इमारत में फंस गए हैं और बचने के लिए दूसरी मंजिल से कूद रहे हैं। लिप्स्की ने कहा कि सबसे पहले पहुंचने वाले अग्निशमन दल भीषण लपटों के सामने फेल हो गए। इसके बाद प्लेटफार्म पर खड़ी अग्निशमन गाड़ियों ने खिड़कियों से लोगों को बचाया, जबकि अन्य अग्निशमन कर्मी अंदर गए। उन्हें कुछ लोगों को बाहर निकालने के लिए हाथों और घुटनों के बल रेंगना पड़ा। उन्होंने बताया कि कुल मिलाकर करीब 30 लोगों को बचाया गया। आग लगने का कारण पता नहीं लग सका है। जल्द ही इसका पता लगा लिया जाएगा। लिप्स्की ने बताया कि 1968 में निर्मित इस भवन का निर्माण उस कानून से पहले हुआ था जिसके अनुसार इसमें स्प्रिंकलर प्रणाली लगाना अनिवार्य था।

# जेलेंस्की को रूस से युद्धविराम की उम्मीद, बोले- 'मैं तुर्किये में पुतिन का इंतजार करूंगा'

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें सोमवार से रूस के साथ पूर्ण और अस्थायी युद्धविराम की उम्मीद है और वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ ''व्यक्तिगत तौर पर'' बातचीत करने के लिए तुर्किये जाएंगे। उनका यह बयान तुर्किये में 15 मई को सीधी बातचीत करने के रूस के हालिया प्रस्ताव को स्वीकारने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यूक्रेन पर दबाव बनाए जाने के बाद आया है।

यूक्रेन ने रूस से मांग की थी कि वह वार्ता से पहले सोमवार से 30 दिवसीय युद्धविराम को बिना शर्त स्वीकार करे। इससे पहले, रविवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के सामने 15 मई को तुर्किये के इस्तांबुल शहर में बिना किसी पूर्व शर्त के प्रत्यक्ष रूप से शांति वार्ता करने की पेशकश की, जिसका जेलेंस्की ने स्वागत किया। हालांकि, जेलेंस्की ने जोर देकर कहा कि रूस को पहले युद्धविराम करना होगा। पुतिन ने कहा कि वार्ताओं का उद्देश्य संघर्ष की मूल जड़ को खत्म करना और दीर्घकालिक व टिकाऊ शांति कायम करने पर पहुंचना होगा। पुतिन ने एक संबोधन में कहा, हम तुरन्त वार्ता शुरू करना चाहेंगे, अगले बृहस्पतिवार, 15 मई को, इस्तांबुल में, जहां पहले वार्ताएं आयोजित की गई थीं और जहां उन्हें बाधित किया गया था। उन्होंने कहा कि बातचीत बिना किसी पूर्व शर्त के होनी चाहिए।



**2019 के बाद पहली बार सीधी बातचीत करेंगे रुस-यूक्रेन के राष्ट्रपति :** पुतिन और जेलेंस्की 2019 में केवल एक बार मिले हैं। युद्ध की शुरुआत में दोनों नेताओं के बीच बातचीत की कोशिश हुई थी मगर ये नाकामयाब रही थी। सितंबर 2022 में यूक्रेन के चार क्षेत्रों को जोड़ने के बाद, जेलेंस्की ने घोषणा की थी कि पुतिन के साथ बातचीत करना बहुत मुश्किल हो गया है।

**यूक्रेन–रूस ने एक दूसरे पर तीन दिवसीय सीजफायर के उल्लंघन का आरोप लगाया :** 29 अप्रैल को रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन के साथ 3 दिन के एक तरफा सीजफायर का ऐलान किया था। यह सीजफायर 8 मई से लागू हुआ था। इसकी शुरुआत 7-8 मई की रात से हुई और 10-11 मई को आधी रात यह सीजफायर खत्म हो गया। वहीं, रूसी रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन पर युद्ध विराम का 14,000 से अधिक बार उल्लंघन करने का आरोप लगाया। यूक्रेन ने भी रूस पर स्वयं के युद्ध विराम का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। यूक्रेन ने इसे एक तमाशा बताया है। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूस ने 11 मई की रात को 108 ड्रोन और सिम्युलेटर ड्रोन लॉन्च किए। जिसमें से 60 ड्रोन को यूक्रेन ने मार गिराया।

**यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को सैन्य समर्थन देने की बात कही :** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और पोलिश प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने 10 मई को कीव में ज़ेलेंस्की से मुलाकात की थी। साथ ही सोमवार से युद्ध विराम के लिए आह्वान किया था। इस योजना को यूरोपीय संघ और ट्रम्प दोनों से समर्थन मिला है। यूक्रेन, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और पोलैंड के नेताओं ने रूसी राष्ट्रपति को धमकी दी थी कि अगर वे सीजफायर पर हस्ताक्षर नहीं करते हैं तो बाकी देश यूक्रेन को सैन्य समर्थन देंगे।

## पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमला, दो पुलिसकर्मियों की मौत

**पेशावर / इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारत के साथ चार दिन के संघर्ष के बाद नतमस्तक हुए पाकिस्तान को अपने घर में भी मात मिल रहा है। बता दें कि, पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर में रविवार रात एक आत्मघाती हमले में दो पुलिसकर्मियों, जिनमें एक सब-इंस्पेक्टर शामिल है, की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। मामले में एसएसपी मसूद बंगश ने बताया कि यह हमला चमकनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रिंग रोड पर मौजूद पशु बाजार के पास पुलिस की मोबाइल वैन को निशाना बनाकर किया गया। जिसमें आत्मघाती हमलावर ने खुद को पुलिस वाहन के पास उड़ा लिया।

**सीएम अली अमीन ने की हमले की निंदा :** वहीं मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए घटना की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इसके साथ ही हमले में मारे गए पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जनता की सुरक्षा करने वालों पर हमला कायराना हरकत है, पुलिस का हौसला ऐसे हमलों से नहीं टूटेगा।



**भारत से पाकिस्तान ने मुंह की खाई :** वहीं पाकिस्तान ने स्वीकार करते हुए ये कहा है कि भारत से साथ संघर्ष में उसके एक विमान को नुकसान पहुंचा है। हालांकि पाकिस्तान ने विमान के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी। भारत और पाकिस्तान ने शनिवार को जमीन, हवा और समुद्र पर सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई तत्काल प्रभाव से रोकने पर सहमति जताई।

**पाकिस्तान की हिरासत में नहीं कोई भारतीय पायलट :** वायुसेना और नौसेना के अधिकारियों के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि ब्रीफिंग का उद्देश्य 'ऑपरेशन बनयान-उम-मर्सूस' के संचालन और समापन के बारे में जानकारी देना था। चौधरी ने कहा कि पाकिस्तान के 'केवल एक विमान' को 'मामूली क्षति' हुई है। वहीं एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कोई भी भारतीय पायलट पाकिस्तान की हिरासत में नहीं है और ऐसी सभी रिपोर्ट 'फर्जी सोशल मीडिया रिपोर्ट' पर आधारित हैं।

## मालदीव ने 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के लिए भारत का जताया आभार, अब्दुल्ला खलील बोले- गहरी दोस्ती का प्रतीक

**माले, एजेंसी।** मालदीव के विदेश मंत्री डॉ. अब्दुल्ला खलील ने 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की मदद के लिए भारत सरकार और विदेश मंत्री एस. जयशंकर का आभार जताया। उन्होंने मालदीव और भारत के बीच गहरी दोस्ती का जिक्र करते हुए कहा कि यह सहायता हमारी आर्थिक मजबूती में सहयोग देगी।

मालदीव के विदेश मंत्री डॉ. अब्दुल्ला खलील ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैं विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और भारत सरकार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मालदीव को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल को रोलओवर करके महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान की। उन्होंने आगे कहा, यह समय पर दी गई सहायता मालदीव और भारत के बीच गहरी दोस्ती को दर्शाती है और आर्थिक मजबूती के लिए सरकार के वित्तीय सुधारों को लागू करने के प्रयासों में सहयोग देगी।

मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने बीते साल सितंबर में बताया था कि भारत ने मालदीव सरकार के अनुरोध पर 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल को एक और साल के लिए बढ़ाकर बजटीय सहायता दी है। बता दें कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू बीते साल अक्टूबर में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर पांच दिवसीय भारत यात्रा पर आए थे। नवंबर 2023 में पदभार ग्रहण करने




के बाद यह उनकी पहली यात्रा थी। मालदीव के राष्ट्रपति ने भारत की वित्तीय सहायता के लिए आभार जताया था। मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा था, यात्रा का एक महत्वपूर्ण परिणाम व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए विजन को अपनाना था, जो विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेगा। दोनों देशों ने वर्चुअल उद्घाटन भी किया और समझौतों का आदान-प्रदान किया।

बयान में कहा गया था, राष्ट्रपति मुइज्जू ने भारत की वित्तीय सहायता के लिए आभार व्यक्त किया, जिसमें इस वर्ष मई और सितंबर में टी-बिलों को मालदीव के लिए बिना ब्याज के एक अतिरिक्त वर्ष के लिए आगे बढ़ाना और द्विपक्षीय मुद्रा स्वैप समझौते के तहत 30 अरब रुपये से 400 मिलियन डॉलर तक का अतिरिक्त समर्थन शामिल है। उन्होंने भारत को उसके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

## ऑपरेशन सिंदूर में भारत की ताकत और आत्मविश्वास दिखी, अमेरिकी विदेश नीति विशेषज्ञ ने की तारीफ

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के मशहूर विदेश नीति विशेषज्ञ माइकल कुगेलमैन ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि इस बार भारतीय नेतृत्व ने मजबूती, आत्मविश्वास और ताकत के साथ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जो आतंकवादी हमला हुआ, वह पहले से अलग और बेहद खौफनाक था। इसमें 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी गई, जिनमें से अधिकतर हिंदू थे। उन्होंने कहा, इस हमले का भारत पर बहुत गहरा और दर्दनाक असर पड़ा, जो पहले की घटनाओं में नहीं देखा गया था। यही वजह रही कि भारत सरकार और जनता दोनों ने इस बार मजबूत और करारा जवाब देने की मांग की।

**1971 के युद्ध के बाद सबसे तेज हवाई हमला :** उन्होंने बताया कि भारत की तरफ से पाकिस्तान में की गई हवाई हमले इतने जबरदस्त थे, जितने 1971 के युद्ध के



बाद कभी नहीं देखे गए। कुगेलमैन ने कहा, यह एक बड़ा फर्क है और यही कारण है कि वॉशिंगटन, लंदन, यूरोपीय यूनियन और खाड़ी देशों की राजधानियों में भी इस संकट को लेकर काफी चिंता थी। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के नेतृत्व की तुलना करते हुए कहा कि भारत की मोदी सरकार ने 2016, 2019 और अब इस बार भी एक जैसी रणनीति अपनाई है - यानी तुरंत और सख्ती से पलटवार करना, ताकत और आत्मविश्वास दिखाना।

**क्या है ऑपरेशन सिंदूर? :** ऑपरेशन सिंदूर 7 मई को शुरू किया गया था, जब पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंक के ठिकानों पर जोरदार हमला किया। इस ऑपरेशन में भारतीय सेना के तीनों अंग- थलसेना, वायुसेना और नौसेना - ने मिलकर कार्रवाई की।

रविवार को दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने ऑपरेशन के नतीजों की जानकारी दी। एयर मार्शल एके भारती ने बताया कि इस ऑपरेशन में 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मार गिराया गया और पाकिस्तान के 11 एयरबेस तबाह कर दिए गए। उन्होंने कहा, हमने अपने लक्ष्य पूरे किए हैं और यह बात अब दुनिया के सामने है। उन्होंने कहा कि भारत के पास पाकिस्तान के हर ठिकाने को निशाना बनाने की पूरी ताकत है और हमने यह साबित कर दिया है।

**पाकिस्तान को दी गई सख्त चेतावनी :** वहीं प्रेस ब्रिफिंग के दौरान वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने पाकिस्तान को खुली चेतावनी देते हुए कहा, इस बार अगर पाकिस्तान ने कोई हरकत की, तो उसे अच्छे से पता है कि भारत क्या करने वाला है। बस इतना ही कहना काफी है। भारतीय सेना ने इस पूरे ऑपरेशन को सावधानी और रणनीति के साथ अंजाम दिया ताकि आम नागरिकों को कोई नुकसान न पहुंचे। समुद्र, जमीन और आसमान तीनों मोर्चों पर भारत ने पाकिस्तान की सैन्य ताकत को करारा झटका दिया।

# टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के एक दिन बाद विराट अपनी पत्नी अनुष्का के साथ वृंदावन पहुंचे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के एक दिन बाद, भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली मंगलवार को अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ वृंदावन में देखे गए। भगवान कृष्ण ने अपना बचपन जिस पवित्र शहर में बिताया था, वहां उनके जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

वृंदावन में, विराट और अनुष्का ने संत प्रेमानंद गोविंद शरण से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। कोहली ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपने शानदार 14 साल के टेस्ट करियर का अंत किया, जिसमें उन्होंने 123 मैचों में 9,230 रन बनाए, जिसमें 30 शतक और 31 अर्द्धशतक शामिल हैं।

इस जोड़े को पिछले कुछ सालों में कई मंदिरों में जाते हुए देखा गया था। इस साल जनवरी में, विराट, अनुष्का शर्मा और उनके बच्चे प्रेमानंद जी महाराज का आशीर्वाद लेने वृंदावन गए थे, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं।

2023 में, दंपति ने उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर का दौरा किया। इससे पहले, दोनों ने उत्तराखंड में नीम करोली बाबा आश्रम, कैंची धाम की आध्यात्मिक यात्रा की।

विराट के टेस्ट रिटायरमेंट का फैसला तब आया जब यह बताया गया कि कोहली ने अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को अपने फैसले के बारे में बता दिया है।

2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले कोहली पिछले एक दशक में भारत के लाल गेंद के पुनरुत्थान की आधारशिला रहे हैं। उनकी आक्रामक कप्तानी, शानदार बल्लेबाजी और बेजोड़ तीव्रता ने भारत को घरेलू और विदेशी दोनों ही जगहों पर एक मजबूत टेस्ट टीम में बदलने में मदद की है।

वह ग्रीम स्मिथ (53 जीत), रिकी पोंटिंग (48 जीत) और स्टीव वॉ (41 जीत) के बाद कुल मिलाकर 40 जीत के साथ चौथे सबसे सफल टेस्ट कप्तान के रूप में सेवानिवृत्त हुए।

कोहली के 30 टेस्ट शतक उन्हें सचिन तेंदुलकर (51 शतक), राहुल द्रविड़ (36) और सुनील गावस्कर (34) के बाद चौथे सबसे सफल भारतीय बल्लेबाज बनाते हैं। कोहली ने सात टेस्ट दोहरे शतक भी बनाए, जो किसी भारतीय द्वारा अब तक का सबसे अधिक है। उनके नाम किसी भारतीय कप्तान द्वारा सबसे



अधिक टेस्ट शतक भी हैं, जबकि गावस्कर (11 शतक) उनके 20 शतकों से काफी पीछे हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पिछले साल भारत की टी20 विश्व कप जीत के बाद टी20आई प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। 36 वर्षीय कोहली अब भारत के लिए केवल वनडे मैचों में खेलेंगे।

# एनेरी डेरक्सन द्वारा चौका लगाए जाने से गुस्साई चमारी अटापट्टू ने की ओछी हरकत, आईसीसी ने ठोका जुर्माना




**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

यह घटना हाल ही में श्रीलंका में संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला के ग्रुप चरण के अंतिम मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के साथ 32वें ओवर में उस समय हुई, जब एनेरी डेरक्सन द्वारा चौका लगाए जाने के बाद अटापट्टू ने अपना चश्मा उतारकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके कई टुकड़े हो गए।

यह आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन है और अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट से जुड़े उपकरणों का दुरुपयोग और मैदान के उपकरणों के फेंकने से संबंधित है। इस अपराध के लिए अटापट्टू पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जर्माना लगाया गया। इसके अलावा 24 महीने की अवधि में पहले अपराध के तहत अटापट्ट पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है।

मैदानी अंपायर अन्ना हैरिस और डेडुनू डी सिल्वा, तीसरे अंपायर लिंडन हैनिबल और चौथे अंपायर निमाली परेरा ने अटापट्टू पर आरोप लगाए थे। अटापट्टू ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इस लिये इस पर और सुनवाई की आवश्यकता नहीं है।

# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल में खेलेंगे या नहीं, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने सुना दिया फैसला




**सिडनी (एजेंसी)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में लौटने के खिलाड़ियों के 'व्यक्तिगत फैसले' का सम्मान करेगा हालांकि आईपीएल की बहाली की तारीखें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल फाइनल की तैयारियों से टकरा रही है।

बीसीसीआई ने सोमवार को फैसला किया कि आईपीएल का यह सत्र 17 मई से छह स्थानों पर बहाल होगा जबकि फाइनल तीन जून को खेला जाएगा। इससे ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट क्रिकेटरों के सामने दुविधा पैदा हो गई है क्योंकि 11 जून से दोनों टीमों के बीच लॉडर्स पर डब्ल्यूटीसी फाइनल होना है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, 'आईपीएल के शनिवार से फिर शुरू होने के ऐलान के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तय किया है कि इसके लिए भारत लौटने या नहीं लौटने के खिलाड़ियों के व्यक्तिगत फैसले का वह सम्मान करेगा।' इसमें कहा गया, 'हम सुरक्षा इंतजामात को लेकर बीसीसीआई और ऑस्ट्रेलियाई सरकार के संपर्क में हैं।' भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण आईपीएल शुक्रवार को स्थगित हो गया था। संशोधित कार्यक्रम के तहत अब यह टूर्नामेंट टूर्नामेंट अब लंदन में डब्ल्यूटीसी फाइनल से आठ दिन पहले खत्म होगा जिसमें ऑस्ट्रेलिया का सामना दक्षिण अफ्रीका से है।

# कोहली के संन्यास से रहाणे को मिल सकता है अवसर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के संन्यास लेने से अब चयनकर्ता किसी अनुभवी बल्लेबाज की तलाश करेंगे। ऐसे में लंबे समय से टीम में वापसी का प्रयास कर रहे आजिंक्य रहाणे को टीम में जगह मिल सकती है। रहाणे ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल में भी उनका अब तक अच्छा प्रदर्शन रहा है। ऐसे में अगले माह होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए वह टीम में जगह पाने के प्रबल दावेदार उभरे हैं। विराट कोहली से पहले रोहित शर्मा पहले ही टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं। इन दो दिग्गजों के एकसाथ जाने से भारतीय टीम में अनुभवी खिलाड़ियों की कमी हो गयी है। ऐसे में रहाणे के अलावा चेतेश्वर पुजारा के लिए टीम में राह बन सकती है। इसका कारण है कि ये




दोनों ही इंग्लैंड में भारतीय टीम के मध्य क्रम को मजबूत बना सकते हैं।

इंग्लैंड में मुश्किल विकेटों को देखते हुए जो सीम और स्विंग के लिए अनुकूल हैं। रोहित की अनुपस्थिति में भारत को कोहली जैसे अनुभवी और तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाज की मदद की आवश्यकता थी। ऐसे में जब ये दोनो ही नहीं हैं। रहाणे मध्यक्रम को संभाल सकते हैं। वह जुलाई 2023 से टीम इंडिया से बाहर हैं. रहाणे का इंग्लैंड के खिलाफ हालांकि रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं है। उन्होंने इंग्लैंड में लॉर्ड्स में सिर्फ एक शतक लगाया है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लॉर्ड्स में 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उन्होंने 89 और 46 रन बनाए थे। . रणजी ट्रॉफी में रहाणे ने 9 मैचों में 35.92 की औसत से 467 रन बनाए। ऐसे में सबके उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती और अनुभव मिलेगा।

वहीं पुजारा की ऑस्ट्रेलिया में 2020-21 में भारत की टेस्ट सीरीज़ में अहम भूमिका रही। पुजारा के नाम पर भी बीसीसीआई इंग्लैंड दौरे के लिए विचार कर सकती है। पुजारा ने पूर्व में इंग्लैंड के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने 39.51 की औसत से 1778 रन बनाए हैं।

# वेस्टइंडीज के नये टेस्ट कप्तान की दौड़ में रोस्टन सहित छह खिलाड़ी शामिल

जमैका ।वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को नया टेस्ट कप्तान अगले सप्ताह मिल सकता है।ये इसलिए क्योंकि वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि उसने नये कप्तान के लिए छह संभावितों के नाम तय किये हैं जिसमें से वह कप्तान के नाम की घोषणा करेगी।साथ ही कहा कि इन उम्मीदवारों के साक्षात्कर भी उसने लिए हैं।इसके अलावा नए टेस्ट कप्तान को चुनने के लिए अपनाई गई चयन प्रक्रिया को सभी ने पसंद किया है।एक रिपोर्ट के अनुसार रोस्टन चेस, जस्टिन ग्रीव्स, जोशुआ डा सिल्वा, जॉन कैम्पबेल, जोमेल वॉरिकन और टेविन इमलाच टेस्ट कप्तानी की दौड़ में शामिल हैं।क्रिकेट निदेशक माइल्स बासकॉम्बे, सीडब्ल्यूआई की क्रिकेट समिति के अध्यक्ष हनोक लुईस, मुख्य कोच डैरन सैमी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस डेह्रिंग ने साक्षात्कार लिए।टेस्ट कप्तान के लिए सिफारिशें




बासकॉम्बे और सैमी द्वारा की जाएंगी।साथ ही कहा कि कहा, 卐हमें उम्मीद है कि अगले सप्ताह के अंत तक बोर्ड को टेस्ट कप्तान के लिए सिफारिशें मिल जाएंगी।क्रिकेट निदेशक के अनुसार यह है कि प्रक्रिया काफी अच्छी चल रही है।साथ ही कहा कि यह पहली बार है जब हम टेस्ट कप्तान चुनने की इस तरह की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और क्रिकेट प्रमुखों द्वारा सकारात्मक रवैयर अपनाया गया है।卐 वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए कुछ समय पहले ही कई बदलाव करते हुए कप्तान को भी हटा दिया था।उसका लक्ष्य विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अगले सत्र की अच्छी शुरुआत करना है।

# दिल्ली कैपिल्स को अब स्टार्क के बिना ही खेलना होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का बचा हुआ सत्र शीघ्र शुरु होने की संभावनाएं हैं पर इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स को अब लगता है कि अपने तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के बिना ही खेलना पड़ सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बची सभी विदेशी खिलाड़ी स्वदेश लौट गये थे। उन्ही में स्टार्क भी थे। अब जो संकेत मिले हैं उससे साफ है कि स्टार्क अब शायद आईपीएल के बाकी बचे मैचों के लिए भारत लौटने वाले नहीं हैं। पिछले सप्ताह युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया के ज्यादातर खिलाड़ियों ने अपनी देश लौटने में ही भलाई समझी थी। रविवार को मिचेल स्टार्क अपनी पत्नी एलिसा हीली के साथ सिडनी पहुंच गए, जहां उन्होंने मीडिया से बात नहीं की पर उनके मैनेजर ने कहा कि वह पिछले दिन के तनाव के कारण डरे हुए और परेशान हैं। इसलिए बचे हुए सत्र के लिए वह जायं ऐसे संभावना नहीं है। पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच को ब्लैकआउट के कारण बीच में ही रद्द किया गया था तो हर किसी को लग रहा था कि टूर्नामेंट को स्थगित किया जाएगा। शुक्रवार की दोपहर को बीसीसीआई ने एक सप्ताह के लिए आईपीएल के स्थगित पर अगले ही दिन शनिवार 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा हो गयी। ऐसे में टूर्नामेंट के फिर से शुरू होने की बात सामने आई। इसके बाद टीमों ने विदेशी खिलाड़ियों से संपर्क किय पर वे उत्सुक नहीं दिखे। वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) अपने खिलाड़ियों को वापसी के बारे में व्यक्तिगत निर्णय लेने का अधिकार दिया है।



रिपोर्ट के अनुसार, बोर्ड ने जोर देकर कहा है कि इस तरह के विकल्पों से आईपीएल में भविष्य के चयन या बीसीसीआई के साथ संबंधों पर असर नहीं पड़ना चाहिए, क्योंकि खिलाड़ी कठिन हालातों के कारण वापस आये हैं।

# बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 को 17 मई से पुन: आरंभ करने की घोषणा की, फाइनल मैच 03 जून को




मुंबई।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र को पुन: आरंभ करने की घोषणा की, जिसमें 17 मई से फिर से मैच शुरू होकर छह स्थानों पर 17 मैच खेले जाएंगे और तीन जून को फाइनल होगा। बीसीसीआई के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, दो रविवार को दो डबल-हेडर आयोजित किए गए हैं, जो टूर्नामेंट के अंतिम चरण के रोमांच को और भी ज्यादा बढ़ाएगा। प्लेऑफ के मैच इस प्रकार आयोजित किए जाएंगे- 29 मई को क्वालीफायर 1, 30 मई को एलिमिनेटर, 01 जून को क्वालीफायर 2 और 03 जून को फाइनल मैच होगा। बीसीसीआई ने कहा कि प्लेऑफ मैचों के लिए स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी। गौरतलब है कि भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण आई पी एल के शेष मैचों को एक सप्ताह के लिए स्थगित किया गया। आईपीएल अब नए जोश के साथ अपने अंतिम चरण में प्रवेश करेगा क्योंकि टीमें प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए संघर्ष करेंगी।

# धर्मशाला की उस रात क्या-क्या हुआ, ऑस्ट्रेलिया पहुंचते ही एलीसा हीली ने खोल दी सारी बात

**खेल डैस्क।** धर्मशाला में ब्लैकआऊट के बाद जब पंजाब और दिल्ली मुकाबला रद्द कर दिया गया तो दर्शक दीर्घा में मिचेल स्टार्क की पत्नी एलिसा हीली भी थी। हीली ने मैच के बाद का अनुभव सबके साथ साझा करते हुए कहा कि यह बहुत डरावना था। मैच में पंजाब किंग्स की पारी के 10.1 ओवर के बाद, स्टेडियम में फ्लडलाइट बंद हो गईं और लोगों को स्टैंड से बाहर निकाल दिया गया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पाकिस्तान ने पठानकोट क्षेत्र में हमला किया था, जो धर्मशाला स्टेडियम से लगभग 80 किमी दूर था।

दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों के साथ-साथ सहयोगी स्टाफ को भी उनके संबंधित होटलों में वापस ले जाया गया। उसके बाद दोनों टीमों को दिल्ली लाने के लिए एक विशेष ट्रेन की व्यवस्था की गई क्योंकि उड़ान संचालन निलंबित कर दिया गया था। एलिसा हीली ने कहा कि स्टेडियम में




अचानक एक व्यक्ति सामने आया और कहा कि यहां से चले जाओ। उसका चेहरा सफेद हो गया था।

हीली ने कहा कि यह एक अवास्तविक अनुभव था। अचानक कुछ लाइट टावर बंद हो गए और हम बस ऊपर बैठे इंतजार कर रहे थे... हम परिवार और अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ का एक बड़ा समूह थे और अगले ही मिनट वह व्यक्ति जो हमें बस में ले जाता है, आया और उसका चेहरा सफेद हो गया। वह कह रहा था कि हमें अभी जाना चाहिए। फिर एक और आदमी बाहर आया और उसका चेहरा सफेद था और उसने एक बच्चे को पकड़ लिया और कहा कि हमें अभी जाना चाहिए। हम सोच रहे थे- क्या हो रहा है? हमें कुछ नहीं बताया गया। हमें कुछ पता नहीं था। अगले ही मिनट हमें इस कमरे में ले जाया गया जो एक होल्डिंग पेन की तरह था। सभी लड़के वहां थे।

एलिसा हीली ने कहा कि स्थिति ऐसी थी कि फाफ डु प्लेसिस के पास जूते भी नहीं थे। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने मिशेल स्टार्क से पूछा कि क्या हो रहा है और तेज गेंदबाज ने उन्हें मिसाइल हमले के बारे में बताया। पूरी घटना को पागलपन बताते हुए उन्होंने कहा कि फाफ डु प्लेसिस के पास जूते भी नहीं थे। हम सभी वहां बस इंतजार कर रहे थे, तनाव में दिख रहे थे। मैंने मिच से पूछा कि क्या हो रहा है? उन्होंने कहा कि 60 किमी दूर शहर में कुछ मिसाइलों से हमला हुआ था, इसलिए इलाके में पूरी तरह से ब्लैकआउट हो गया था। इसलिए लाइटें बंद थीं क्योंकि उस समय धर्मशाला स्टेडियम एक बीकन की तरह था। अचानक हम वैन में भर गए और होटल वापस चले गए। पागलपन था।

# इटली में खेला जाएगा होपमैन कप : आईटीए



लंदन ।होपमैन कप टेनिस टूर्नामेंट इटली के दक्षिणी शहर बारी में 16 से 20 जुलाई तक खेला जाएगा।अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीए) ने कहा है कि इस साल इस मिश्रित टीम टूर्नामेंट में इटली, फ्रांस, स्पेन, यूनान, कनाडा और मौजूदा चैंपियन क्रोएशिया की टीमें भाग लेंगी।इसका आयोजन विंबलडन के एक सप्ताह बाद किया जाएगा।मालूम हो कि होपमैन कप के लिए टीमों में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी शामिल होते हैं।इसके एक मुकाबले में एक पुरुष एकल मैच, एक महिला एकल मैच और एक मिश्रित युगल मैच शामिल होता है पर इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक नहीं मिलते हैं। गौरतलब है कि ये टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी हैरी होपमैन के नाम पर, होपमैन कप 1989 में शुरू हुआ और 2020 तक हर साल खेला जाता था।पहले 30 वर्ष तक इसका आयोजन ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में टेनिस सत्र के पहले सप्ताह में किया जाता था।आखिरी बार इसका आयोजन 2023 में फ्रांस में हुआ था जिसमें क्रोएशिया के डोना वेकिच और बोर्ना कोरिच चैंपियन बने थे।

# स्मृति मंधाना आईसीसी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंची, अब शीर्ष स्थान पर नजरें

दुबई ।श्रीलंका में हाल में संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं जिससे उनकी नजरें एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल करने पर टिकी हैं। पिछली बार 2019 में नंबर एक एकदिवसीय बल्लेबाजी बनीं मंधाना ने श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में संपन्न श्रृंखला की पांच पारियों में 264 रन बनाए और श्रृंखला की दूसरी सबसे सफल बल्लेबाज रहीं।श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में 101 गेंद में 116 रन की पारी खेलने वाली मंधाना शीर्ष पर चल रही दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट से सिर्फ 11 रेटिंग अंक पीछे हैं।वोलवार्ट त्रिकोणीय श्रृंखला में सिर्फ 86 रन बना पाईं।श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू ने शीर्ष स्थान में अपनी जगह मजबूत की।वह त्रिकोणीय श्रृंखला में 139 रन बनाने के बाद दो स्थान के फायदे से सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं।भारत की जेमिमा रोड्रिग्स (पांच स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर) और दक्षिण अफ्रीका की क्लो ट्राइओन (नौ स्थान के फायदे से 18वें पायदान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है।श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई भारतीय स्पिनर स्नेह राणा को गेंदबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है जिसमें इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर चल रही हैं।




# अब अगस्त में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगे रोहित




नई दिल्ली ।भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने पिछले सप्ताह टेस्ट प्रारुप से संन्यास की घोषणा कर दी थी।ऐसे में अब वह इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गये हैं।रोहित अब अगस्त में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगे।भारतीय टीम अगस्त में बांग्लादेश के दौरे पर जाएगी। जिससे रोहित टीम की कप्तानी करते दिखेंगे।भारतीय टीम को इस दौरे में तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैच खेलने हैं।रोहित इस दौरे में एकदिवसीय सीरीज में कप्तानी करेंगे।वह 2027 विश्व कप तक एकदिवसीय प्रारुप खेलना चाहते हैं। वहीं टी20 प्रारुप की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे।भारतीय टीम का बांग्लादेश का दौरान 17 अगस्त से शुरू होगा।सीरीज का पहला एकदिवसीय ढाका के शेर ए बांग्ला स्टेडियम में खेला जाएगा जबकि दूसरा एकदिवसीय मैच 20 अगस्त को इसी स्थल पर होगा. सीरीज का तीसरा और आखिरी एकदिवसीय मैच 23 अगस्त को चटगांव में खेला जाएगा।इसके बाद टी20 सीरीज खेली जाएगी पर इसमें रोहित टीम के साथ नहीं होंगे क्योंकि उन्होंने पिछले साल ही टी20 प्रारुप को अलविदा कह दिया था।भारत और बांग्लादेश के बीच 42 एकदिवसीय खेले जा चुके हैं जहां भारत ने 33 मैच जीते हैं जबकि बांग्लादेश ने 8 जीते है जबकि एक मैच का कोई परिणाम नहीं निकला है।

# बंद कर दो डीजे, चीयरलीडर्स नचाना, सुनील गावस्कर ने की बीसीसीआई से अपील

**मुम्बई(एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण निलंबित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का सीजन सप्ताहांत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मैच के साथ फिर से शुरू होगा। टूर्नामेंट की बहाली से पहले, भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने बीसीसीआई से शेष मैचों में संगीत, डीजे और चीयरलीडर्स को हटाने की अपील की है, ताकि हाल के आतंकी हमले में जान गंवाने वाले परिवारों की भावनाओं का सम्मान किया जाए।

गावस्कर का यह सुझाव भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम के बाद आया है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इस कार्रवाई के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने से आईपीएल को स्थगित करना पड़ा। युद्धविराम के बाद टूर्नामेंट दोबारा शुरू होने को तैयार है।

गावस्कर ने कहा कि शेष 15-16 मैचों में कोई संगीत, डीजे या चीयरलीडर्स नहीं होनी चाहिए। खेल को सिर्फ क्रिकेट तक सीमित रखना उन परिवारों की भावनाओं का सम्मान होगा, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। दर्शकों को आने की अनुमति हो, लेकिन यह सिर्फ एक क्रिकेट टूर्नामेंट हो, बिना किसी नाच-गाने के। उन्होंने यह भी कहा कि सीमा पर तनाव के बीच टूर्नामेंट को एक सप्ताह के लिए निलंबित करने का फैसला सही था, क्योंकि ऐसी स्थिति में खेल जारी रखना उचित नहीं था।

गावस्कर ने इस दौरान विराट और रोहित के 2027 विश्व कप में खेलने के इरादे पर भी बात की। उन्होंने साफ कहा कि वे खेल के इस प्रारूप में बहुत बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं। फिर से, चयन समिति शायद 2027 विश्व कप को ध्यान में रखेगी। वे देखेंगे कि क्या वे 2027 विश्व कप के लिए टीम में शामिल हो पाएंगे। क्या वे उस तरह का योगदान दे पाएंगे जैसा वे दे रहे हैं? यह चयन समिति की विचार प्रक्रिया होगी। अगर चयन समिति सोचती है कि 'हां, वे कर सकते हैं', तो वे दोनों इसके लिए मौजूद होंगे।



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
बुधवार 14 मई 2025
Www.vishalindia.in

# ऐपल के वाइस कमांड फीचर सीरी से जुड़े तो कंपनी देगी यूजर्स को हर्जाना

**नई दिल्ली।**

ऐपल के प्रोडक्ट अब भारत में खूब पसंद किए जा रहे हैं। कंपनी ने चीन से हटकर भारत को अपना ठिकाना बना लिया है और आईफोन, आईपैड, ऐपल वॉच की दीवानगी भारतीय में बढ़ती जा रही है। इस बीच ऐपल के ग्राहकों के लिए कंपनी ने कुछ खामियों के चलते अपने हर डिवाइस पर 1,700 रुपए का हर्जाना देने की बात कही है। कंपनी पर यह मुसीबत क्योंढ आई और यूजर कैसे इस पैसे को क्ले म कर सकते हैं। यह मामला ऐपल के वाइस कमांड फीचर सीरी से जुड़ा है। अगर आपने भी ऐपल के डिवाइस में सीरी का इस्ते्माल किया है तो आप भी कंपनी से क्लेकम ले सकते हैं। कंपनी ने एक लंबे मुकदमे के बाद स्वी कार किया कि अगर ग्राहक की अनुमति के बिना सीरी ने किसी यूजर की प्राइवेट बातचीत रिकॉर्ड की है तो ट्रांसपरेंसी कानून के तहत ऐपल इसके एवज में हर्जाना भरेगी। कंपनी को इस तरह के मामलों में कुल करीब 9.5 करोड़ डॉलर का हर्जाना भरना है। कंपनी ने कहा कि ऐपल के करीब सभी प्रोडक्टक में सीरी वाइस असिस्टें ट का इस्तेनमाल होता है, अगर किसी डिवाइस में गलती से यह ऑन हो गया है और यूजर्स की प्राइवेट बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया गया है तो इसके ऐवज में कंपनी उस यूजर को हर्जाने का भुगतान करेगी। यह समस्याप शुरू हुई थी साल 2019 से, जब कुछ यूजर्स ने ऐपल के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। कंपनी ने इस बात से इनकार किया कि उसने ग्राहकों की आवाज का इस्तुेमाल एड या अन्यय मार्केटिंग के लिए किया है, लेकिन बाद में उनकी आवाज रिकॉर्ड किए जाने को लेकर माफी मांगी और इसे बंद करने का भरोसा दिलाया। जिन यूजर्स ने 17 सितंबर, 2014 से 31 दिसंबर, 2024 तक ऐपल के डिवाइस में सीरी का इस्ते्माल किया है वह इस हर्जाने के लिए क्लेतम कर सकते हैं। कंपनी ने इस सेटलमेंट के लिए एक वेबसाइट भी लॉन्च की है, जहां यूजर अपना क्ले म कर सकते हैं और कंपनी भुगतान के बाद इसकी जानकारी भी देगी। कंपनी का कहना है कि उसके डिवाइस आईफोन, आईपैड, ऐपल वॉच, होमपैड, मैक, ऐपल टीवी और आईफोन टच में से किसी में भी सीरी ने बिना ग्राहक की अनुमति के उनकी आवाज रिकॉर्ड की है, तो यह क्लेसम किया जा सकता है। कंपनी के मुताबिक यूजर्स 5 डिवाइस तक क्लेतम कर सकते हैं और उन्हेंत हरेक डिवाइस के लिए 20 डॉलर यानी करीब 1700 रुपए मिलेंगे। क्ले म से पहले यह तय करना होगा कि आपके डिवाइस में सीरी गलती से ऑन हो गया था। इसके अलावा क्लेकम करने वालों का अमेरिकी नागरिक होना भी जरुरी है। इस क्लेहम के लिए आखिरी तारीख 2 जुलाई, 2025 तय की गई है। इसके बाद कंपनी इस पोर्टल को बंद कर देगी और क्लेखम पर विचार नहीं किया जाएगा।



# 22 मई को लांच होगी नई हॉनर 400 सीरीज




**नई दिल्ली।**

स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी हॉनर ने अपनी नई हॉनर 400 सीरीज की लॉन्च डेट घोषित कर दी है।

कंपनी अब आगामी 22 मई ये नई सीरीज लांच करेगी । यह सीरीज मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में पेश की जाएगी। खासकर हॉनर 400 प्रो मॉडल अपनी कैमरा तकनीक के कारण चर्चा में है। कंपनी ने हाल ही में टीजर वीडियो जारी किया, जिसमें यह जानकारी मिली कि हॉनर 400 प्रो में 200 मेगापिक्सल का प्राइमरी एआई कैमरा होगा। यह कैमरा पिछले हॉनर 300 सीरीज के 50 एमपी कैमरे से बड़ा अपग्रेड होगा, जो अब ज्यादा डिटेल और बेहतर फोटो क्वॉलिटी देगा। हॉनर 400 प्रो के कैमरा सेटअप में 200एमपी का मेन कैमरा, 50एमपी का टेलीफोटो लेंस और 12एमपी का अल्ट्रावाइड लेंस शामिल होगा। इसके अलावा, सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए 50एमपी का फ्रंट कैमरा दिया जा सकता है, जो खासतौर पर कंटेंट क्रिएटर्स और व्लॉगर्स के लिए फायदेमंद होगा। इसमें 5300 एमएएच की बैटरी 100वॉट फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करेगी।

हॉनर 400 सीरीज में हॉनर 400 और हॉनर 400 प्रो दो मॉडल हो सकते हैं, जो फ्लैगशिप फीचर्स के साथ मिड-रेंज प्राइस में आएंगे। इस स्मार्टफोन में 6.7 इंच का 1.5के अमोलेड डिस्प्ले हो सकता है, जो 120 एचझेड रिफ्रेश रेट और 5000नीटस की पीक ब्राइटनेस के साथ आएगा। परफॉर्मेंस के लिए इसमें स्नेपड्रेगन 8जेन 3 प्रोसेसर का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे फोन का ऑपरेशन फास्ट और स्मूद रहेगा। फोन में 8जीबी रैम और 256जीबी/512जीबी स्टोरेज ऑप्शन हो सकते हैं।

# ब्लूस्मार्ट के ईवी वाहनों को खरीदने की तैयारी में एवरेस्ट फ्लीट

**कंपनी की ऋणदाताओं से चल रही बातचीत**




**नई दिल्ली।**

भारत में कैब सेवा प्रदाता उबर के सबसे बड़े फ्लीट भागीदारों में से एक, एवरेस्ट फ्लीट ब्लूस्मार्ट की कारों को खरीदने के लिए अवसर के चर्चाओं में है। उबर ने इस तरह के इलेक्ट्रिक वाहनों के खरीदने की प्रक्रिया की शुरुआत की है, लेकिन अंतिम संख्या और कीमत का तय करना बाकी है। एवरेस्ट फलीट के मुख्य कार्याधिकारी ने बताया कि वे कुछ ऋणदाताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं, लेकिन सौदा अभी पूरा नहीं हुआ है। अधिकारियों की मानें तो एवरेस्ट फ्लीट के बेड़े में इस समय 20,500 कारें हैं और उनमें से 2,000 ईवी वाहन हैं। ऐसे इलेक्ट्रिक वाहनों को खरीदने से यह सुनिश्चित होगा कि उबर ग्रीन सेवाएं बढ़ेगी। इसके अलावा, इवेरा कैब्स के दिल्ली में 500 ईवी वाहनों के शामिल होने की भी खबरें हैं। उबर द्वारा एवरेस्ट फ्लीट में निवेश करने की भी ख़बरें आ रही हैं। उबर ने सीरीज सी राउंड में 3 करोड़ डॉलर का निवेश किया और मई 2023 की शुरुआत में सीरीज बी राउंड में भी एक निवेश किया था। इसी बीच, उबर ग्रीन इनिशियटिव के तहत सतत तकनीकी और पर्यावरणीय खोज कर रहा है ताकि साफ़ और उचित वाहन सेवाएँ उपलब्ध हो सकें। एवरेर्स्ट फ्लीट के संस्थापक ने कहा` कि हमने अभी तक करार नहीं किया है, लेकिन हम उबर के साथ अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं। यह समझा जा रहा है कि इस उचित फैसले के माध्यम से सार्वजनिक परिवहन सेवाएं प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण के प्रति सहयोगी रहेंगी।

# टाटा अल्ट्रोज फेसलिफ्ट 2025 जल्द होगी लॉन्च

**नई दिल्ली।**

टाटा मोटर्स अपनी धांसू हैचबैक अल्ट्रोज के फेसलिफ्टेड वर्जन को जल्द ही लॉन्च करेगी। कंपनी ने इसकी लॉन्च डेट 22 मई, 2025 तय की है।

टाटा अल्ट्रोज फेसलिफ्ट को टेस्टिंग के अंतिम दौर में देखा गया है। लेटेस्ट स्पाई शॉट्स में अल्ट्रोज फेसलिफ्ट को नए एलईडी प्रोजेक्टर हेडलाइट्स और एलईडी टेललाइट्स के साथ देखा गया है, जो कार के लुक को और भी आकर्षक बनाते हैं। इसके अलावा, टाटा ने पहली बार अल्ट्रोज में कनेक्टेड एलईडी टेललाइट्स भी दिए हैं, जो इसे और भी मॉडर्न लुक देते हैं।

इसके अलावा, फ्लश डोर हैंडल्स को भी शामिल किया गया है, जो कार की डिजाइन को और स्मूद बनाते हैं। टाटा अल्ट्रोज फेसलिफ्ट के केबिन में भी कई बदलाव किए गए हैं। अब इसमें एक नया डैशबोर्ड मिलेगा, जबकि 10.2 इंच की फ्री-स्टैंडिंग इंफोटेनमेंट स्क्रीन को और बेहतर तरीके से रखा गया है।

पावरट्रेन की बात करें तो टाटा अल्ट्रोज फेसलिफ्ट में 1.2एल 3-सिलेंडर पेट्रोल इंजन और 1.5 एल टर्बो डीजल इंजन का ऑप्शन मिलेगा। यह डीजल इंजन अल्ट्रोज को भारत की एकमात्र डीजल हैचबैक बना देगा। ट्रांसमिशन के ऑप्शन में 5-स्पीड और 6-स्पीड मैन्युअल, साथ ही 6डीसीए ऑटोमैटिक गियरबॉक्स दिए जा सकते हैं। नई टाटा अल्ट्रोज फेसलिफ्ट के ये बदलाव इसे और भी आकर्षक और पावरफुल बनाने वाले हैं।इसके अलावा, एसी वेंट्स, एम्बिएंट लाइटिंग और क्लाइमेट कंट्रोल पैनल को भी नया रूप दिया गया है। ऑटोमैटिक गियरबॉक्स वेरिएंट के लिए नया गियर सिलेक्टर भी उपलब्ध होगा।

# बढ़ती लागत से मुश्किल में फंसे रियल एस्टेट डेवलपर

**बाजार में मंदी के कारण डेवलपर ज्यादा कमाई नहीं कर पाएंगे**

**नई दिल्ली।**

निर्माण की बढ़ती लागत से रियल एस्टेट डेवलपरों के लाभ पर दबाव पड़ने वाला है। घरों की कीमतें पहले से ही अधिक हैं और आवास की नरम मांग के कारण बढ़ती लागत को खरीदारों पर डालना मुश्किल हो गया है। एक अे धिकारी के अनुसार किसी औसत रियल एस्टेट परियोजना की लागत संरचना में निर्माण की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत जबकि भूमि लागत की 20 से 30 प्रतिशत और एबिटा मार्जिन की करीब 30 प्रतिशत रहती है। उनका मानना है कि बिक्री में मंदी और बढ़ती लागत की वजह से रियल एस्टेट कंपनियों के मूल्यांकन में कमी आई है। उन्होंने कहा बिक्री की कीमतें बढ़ रही हैं। सूचीबद्ध कंपनियों की प्रति वर्ग फुट औसत प्राप्ति बढ़ी है। लेकिन बाजार में मंदी के कारण डेवलपर ज्यादा कमाई नहीं कर पाएंगे। निर्माण लागत बढ़ रही है और इसका बैलेंस शीट पर असर पड़ेगा। भारत में निर्माण क्षेत्र को बढ़ती लागत, कुशल कर्मचारियों की सीमित उपलब्धता और बाजार की अनिश्चितताओं के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। लागत में यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से सीमेंट और स्टील की कीमतों के साथ-साथ कुशल श्रम की लागत बढ़ने के कारण हुई है।हमने ज्यादातर सामग्रियों में 5 से 7 प्रतिशत की वृद्धि देखी है और श्रम सबसे महंगा घटक बनकर उभरा है। पिछले कुछ साल के दौरान निर्माण लागत की सामान्य संरचना काफी हद तक स्थिर रही है, जिसमें करीब 67 प्रतिशत भाग में निर्माण सामग्री (सीमेंट, धातु, रेत, ईंट, लकड़ी वगैरह), 28 प्रतिशत भाग में श्रम और 5 प्रतिशत भाग में ईंधन लागत शामिल है। एनारॉक समूह के एक अे धिकारी ने कहा` कि निर्माण की बढ़ती लागत और बिक्री में सुस्ती की दोहरी चुनौतियां डेवलपरों के मुनाफे को प्रभावित कर रही हैं।



# हैप्पिएस्ट माइंड्स का मुनाफा 53 प्रतिशत घटकर 34 करोड़ हुआ

**पिछले वर्ष इसी तिमाही में मुनाफा 71.9 करोड़ रुपये रहा था**

**नई दिल्ली।** हैप्पीएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज एक भारतीय आईटी कंपनी ने जनवरी-मार्च तिमाही में कम लाभ का सामना किया है। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 52.7 प्रतिशत घटकर 34 करोड़ रुपये रह गया है। पिछले वर्ष इसी तिमाही में मुनाफा 71.9 करोड़ रुपये रहा था। हैप्पीएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का राजस्व 30.5 प्रतिशत बढ़कर 544.5 करोड़ रुपये हो गया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 417.2 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी का मुनाफा 25.6 प्रतिशत की गिरावट के साथ 184.6 करोड़ रुपये रहा है, जबकि राजस्व 26.8 प्रतिशत बढ़कर 2,060.8 करोड़ रुपये हो गया है। हैप्पीएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज ने मार्च में अपने संगठनात्मक ढांचे में कई बदलावों की घोषणा की है। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए डिविडेंड की सिफारिश की है। हैप्पीएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज डिजिटल परिवर्तन, उत्पाद इंजीनियरिंग और बुनियादी ढांचा प्रबंधन सेवाएं प्रदान करती है। इसके 13 देशों में 6,632 कर्मचारी हैं।




# रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ ही 85.30 पर बंद हुआ। इससे पहले सुबह रुपया शुरुआती कारोबार में 74 पैसे मजबूत होकर 84.62 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारतीय परिसंपत्तियों में विदेशी निवेशकों की निरंतर रुचि ने स्थानीय मुद्रा को मौलिक समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.70 प्रति डॉलर पर खुला और फिर डॉलर के मुकाबले 84.74 पर लुढ़क गया। हालांकि, यह फिर वापसी करता हुआ 84.62 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 74 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.36 पर बंद हुआ था। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 20 फीसदी की गिरावट के साथ 101.58 पर रहा।

# कोलकाता में पेट्रोल 40 पैसे और डीजल 20 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ

**कोलकाता।** तेल विपणन कंपनियों के ईंधन की मूल कीमत में पुनर्समायोजन के बाद कोलकाता में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मामूली वृद्धि देखी गई। इस संशोधन से 12 मई से शहर में पेट्रोल की कीमत 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.02 रुपये प्रति लीटर हो गई है। प्रमुख तेल विपणन कंपनी के अधिकारी ने कहा` कि पेट्रोल की कीमत में 40 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि हुई है, जबकि डीजल 20 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ है। हालांकि, इसके विपरीत पटना में डीजल की कीमत में 60 पैसे प्रति लीटर की गिरावट देखी गई जबकि अन्य पूर्वी राज्यों में ईंधन की कीमतें यथावत रहीं। मूल कीमत की समय-समय पर समीक्षा की जाती है और विभिन्न परिचालन व तार्किक कारकों के आधार पर समायोजित की जाती है।

# रियल एस्टेट केंद्रित एसजीआरई फंड ने एनसीआर में 125 करोड़ का किया निवेश

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट केंद्रित वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) एसजीआरई फंड ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में दो संकटग्रस्त आवासीय परियोजनाओं में 125 करोड़ रुपये का निवेश किया है। एसजीआरई फंड के प्रमुख प्रवर्तक ने बताया कि फंड ने पहले ही दो परियोजनाओं में 125 करोड़ रुपये लगाए हैं और वो जल्द ही अन्य परियोजनाओं में भी निवेश करेंगे। एसजीआरई फंड एक योजना-आधारित फंड है, जिसने अपने खंड का विस्तार करने के लिए दूसरी योजना के लिए भी आवेदन किया है, जिसका कुल आकार 500 करोड़ रुपये तक है। उन्होंने बताया` कि कोई भी रियल एस्टेट कंपनी हमारे एआईएफ से फंड के लिए आवेदन कर सकती है। हमारा विधि व तकनीकी दल व्यवहार्यता की जांच करता है और जांच की मानक प्रक्रिया के बाद, वे अंतिम मंजूरी के लिए स्थायी समिति को प्रस्ताव की सिफारिश करते हैं। ऐसी परियोजनाएं वित्त पोषण के लिए पात्र होंगी जिन्हें आर्थिक रूप से व्यवहार्य है, जो भूमि स्वामित्व को लेकर स्पष्ट हैं और जिन्हें कोई कानूनी मुद्दा नहीं है।

# पावर मेक प्रोजेक्ट्स को मिला 982 करोड़ का ठेका

**नई दिल्ली।** तेलंगाना पावर जनरेशन कॉरपोरेशन ने पावर मेक प्रोजेक्ट्स को 971.98 करोड़ रुपये के ठेके हेतु चुना है। इस ठेके के अनुसार दामरचेरला, नलगोंडा जिले में यदाद्री थर्मल पावर स्टेशन के साथ एक एकीकृत टाउनशिप निर्मित की जाएगी। ठेके के अंतर्गत, क्वार्टर, बहुमंजिला आवासीय क्वार्टर और डिजाइन और ढांचा द्वारा संबंधित कार्य भी शामिल होंगे। पावर मेक प्रोजेक्ट्स के अध्यक्ष ने घोषणा की कि इस निर्माण कार्य को 30 महीनों के भीतर पूरा किया जाएगा। यह सरकारी ठेका नहीं सिर्फ तेलंगाना क्षेत्र में जनरेशन क्षेत्र को मजबूत बनाएगा, बल्कि स्थानीय आवासियों को भी बेहतर आवास सुविधाएँ प्रदान करेगा। यदाद्री थर्मल पावर स्टेशन के इस परियोजना में शामिल होने से, पावर मेक प्रोजेक्ट्स ने अपने प्रतिबद्धता को सुनिश्चित किया है कि स्थानीय समुदायों को भी इसका लाभ होगा।

# वैश्विक स्तर पर मुक्त व्यापार संकट में है: विश्व व्यापार प्रमुख

**तोक्यो।** विश्व व्यापार संगठन की प्रमुख नगोजी ओकोंजो-इवेला ने मंगलवार को जापान के प्रधानमंत्री शिगारू इशिबा से मुलाकात की। इवेला ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मुक्त व्यापार संकट में है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की महानिदेशक ने इशिबा से कहा कि खुले बाजारों में अग्रणी होने के नाते उन्हें जापान से काफी उम्मीदें हैं, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने तेजी से बदलते शुल्क एवं अन्य नीतियों के साथ विश्व वाणिज्य को बाधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा` कि व्यापार वर्तमान में बेहद चुनौतीपूर्ण समय का सामना कर रहा है और यह काफी कठिन है। जापान के विदेश मंत्रालय ने उनके हवाले से कहा` कि हमें इस संकट का इस्तेमाल हमारे सामने मौजूद चुनौतियों को हल करने के अवसर के रूप में करना चाहिए और व्यापार में नए रुझानों का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा` कि बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के अग्रणी के तौर पर जापान को विश्व व्यापार संगठन को बनाए रखने, मजबूत करने तथा बेहतर बनाने में मदद करनी चाहिए। यह मुलाकात इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका और चीन ने हाल ही में एक-दूसरे पर लगाए गए भारी शुल्क में से अधिकतर पर 90 दिन की रोक लगाने को लेकर दोनों देशों के बीच सहमति बनने की सोमवार को घोषणा की थी। जापान उन देशों में से है जो अभी तक अमेरिकी प्रशासन के साथ मोटर वाहन, इस्पात तथा एल्युमीनियम सहित शुल्क में बढ़ोतरी पर कोई समझौता नहीं कर पाए हैं। जापानी अधिकारियों ने बताया कि ओकोंजो-इवेला बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को बनाए रखने और सुदृढ़ करने के लिए जापान तथा विश्व व्यापार संगठन के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए जापान की यात्रा पर हैं। ओकोंजो-इवेला का विदेश मंत्री ताकेशी इवाया, वित्त मंत्री कात्सुनोबु काटो और अर्थव्यवस्था, व्यापार एवं उद्योग मंत्री योजी मुटो से भी मिलने का कार्यक्रम है।

# शेयर बाजार में भारी गिरावट

**सेंसेक्स 1281, निफ्टी 346 अंक नीचे आया**

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को भारी गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में गिरावट का कारण दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही आईटी के अलावा दिग्गज कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हावी होना रहा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1281.68 अंकों 1.55 फीसदी की गिरावट के साथ ही 81,148.22 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 346.35 अंकों 1.39 फीसदी की बड़ी गिरावट के साथ ही 24,578.35 अंकों पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस बाजार भारी तेजी के साथ बंद हुआ था।

आज सेंसेक्स की 30 में से केवल 5 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए वहीं 25 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। इसी प्रकार निफ्टी के 50 में से में केवल 14 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए। बाकी की 35 कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त गिरावट रही। एक कंपनी का शेयर बिना किसी गिरावट के बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल सनफार्मा ओर इंफोसिस के शेयरों में सबसे ज्यादा 0.99 फीसदी की बढ़त जबकि इंफोसिस के शेयरों में सबसे ज्यादा 3.57 फीसदी की गिरावट रही।

बजार में आई इस गिरावट का कारण मुनाफासूली को बताया जा रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम के बाद सोमवार को भारतीय बाजार में भारी तेजी दर्ज की गई। वहीं इसी कारण मंगलवार को निवेशक मुनाफावसूली करते दिखे, जिसकी वजह से बाजार नीचे आ गया। अमेरिका और चीन द्वारा शुल्क कम करने और आर्थिक रूप से सहयोग करने से वैश्विक बाजार बेहतर हुआ है पर इसका भारतीय बाजारों में एकदम से प्रभाव नहीं पड़ेगा। ।




वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट पर खुले। सेंसेक्स 180 अंक गिरकर 82,249.60 पर खुला। सुबह शुरुआत के बाद 471.58 अंक की गिरावट लेकर 81,958.32 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी50 भी गिरावट के साथ 24,864.05 अंक पर खुला। सोमवार को यह 24,924.7 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। सुबह शुरुआत के बाद यह 121.75 अंक की गिरावट लेकर 24,802.95 पर कारोबार कर रहा था। इस बीच मेरिका-चीन व्यापार समझौते के बाद वॉल स्ट्रीट में तेजी आने के बाद मंगलवार को एशियाई बाजारों में तेजी आई।

जापान के निक्केई में 2.17 फीसदी की उछाल आई और टॉपिक्स में 1.77 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.13 फीसदी बढ़ा। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.71 फीसदी बढ़ा।

# चीन अमेरिका के व्यापार युद्ध से निपटने लैटिन अमेरिकी देशों से हाथ मिलाएगा

**चीन ने बीजिंग में एक कार्यक्रम में लैटिन अमेरिकी नेताओं के साथ एकजुट मोर्चा पेश किया**

**ताइपे।**

अमेरिकी शुल्क से उत्पन्न व्यापार युद्ध से निपटने के लिए चीन अन्य देशों के साथ अपने गठबंधन को मजबूत करने की तैयारी कर रहा है। चीन ने मंगलवार को बीजिंग में आयोजित एक कार्यक्रम में लैटिन अमेरिकी नेताओं के साथ एकजुट मोर्चा पेश किया। चीन के नेताओं ने दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी और अन्य नीतियों से उत्पन्न अनिश्चितता एवं अस्थिरता की पृष्ठभूमि में खुद को एक विश्वसनीय व्यापार तथा वृद्धि भागीदार के रूप में पेश किया है। वहीं अमेरिका और चीन ने हाल ही में एक-दूसरे पर लगाए भारी शुल्क में से अधिकतर पर 90 दिन की रोक लगाने को लेकर दोनों देशों के बीच सहमति बनने की सोमवार को जानकारी दी थी।

अमेरिका के साथ तनाव कम करने के लिए कदम उठाने के साथ ही चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने यहां चीन-सीईएलएसी फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि चीन विशुद्ध राजनीतिक तथा गुटीय टकराव की बढ़ती हुई स्थिति तथा एकतरफावाद एवं संरक्षणवाद की बढ़ती लहर से निपटने के लिए लैटिन देशों के साथ हाथ मिलाने को तैयार है। इस फोरम की शुरुआत 2015 में की गई थी। उन्होंने कहा` कि शुल्क युद्धों या व्यापार युद्धों से किसी की जीत नहीं होती। चीन ने अमेरिकी शुल्कों को लेकर भी कई बार इसी तरह की बात कही है। फोरम में हिस्सा लेने वाले लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई अधिकारियों में ब्राजील, चिली और कोलंबिया के राष्ट्रपति शामिल हैं। शी ने चीन और लैटिन अमेरिकी देशों के बीच घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए राजनीतिक आदान-प्रदान, आर्थिक वृद्धि, सांस्कृतिक तथा शैक्षणिक आदान-प्रदान और वैश्विक सुरक्षा पर केंद्रित पांच कार्यक्रमों की घोषणा की। उन्होंने इस क्षेत्र से आयात को बढ़ावा देने और चीनी कंपनियों को वहां अपना निवेश बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने का वादा किया।

# भारत ने अमेरिका पर जवाबी शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा

**अमेरिका में उत्पादित स्टील व एल्युमीनियम उत्पादों के आयात पर 7.6 अरब डॉलर का असर पड़ेगा**

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिकी शुल्क के जवाब में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानदंडों के तहत सोमवार को अमेरिका पर जवाबी शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा। डब्ल्यूटीओ ने बयान में कहा कि इस से अमेरिका में उत्पादित स्टील व एल्युमीनियम उत्पादों के आयात पर 7.6 अरब अमरीकी डॉलर का असर पड़ेगा। भारत द्वारा रियायतों के प्रस्तावित निलंबन के परिणामस्वरूप अमेरिका में उत्पादित उत्पादों से समान शुल्क वसूला जाएगा। अमेरिका ने पिछले साल मार्च में शुल्क लागू किया था, जिसे यह साल बढ़ा दिया गया था। मंगलवार, मेटल कंपनियों के शेयर फोकस में हैं। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और टाटा स्टील के शेयरों में आज उतार-चढ़ाव देखा गया। वेदांता और टाटा स्टील में मामूली तेजी देखी गई, जबकि सेल के शेयरों में गिरावट देखी गई। अमेरिका ने आठ मार्च, 2018 को कुछ स्टील और एल्युमीनियम उत्पादों पर क्रमशः 25 प्रतिशत और 10 प्रतिशत मूल्यानुसार शुल्क लगाकर सुरक्षा उपाय लागू किए थे। यह 23 मार्च, 2018 को लागू हुआ था, जिसे जनवरी 2020 में बढ़ा दिया गया था। इस वर्ष 10 फरवरी को अमेरिका ने स्टील व एल्युमीनियम उत्पादों के आयात पर सुरक्षा उपायों में फिर से संशोधन किया, जो 12 मार्च 2025 से प्रभावी हुआ और इसकी अवधि असीमित है। अमेरिका ने अब 25 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है।



# अब हॉलीवुड फिल्म में नजर आएंगी कंगना रनौत

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अब हॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। वह हॉरर ड्रामा 'ब्लेस्ड बी द एविल' में पहली बार मुख्य भूमिका निभाएंगी। इस प्रोजेक्ट में कंगना के साथ टीन वुल्फ, टायलर पोसी और हॉलीवुड आइकन सिल्वेस्टर स्टेलोन की बेटी स्कारलेट रोज स्टेलोन होंगी। रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म का निर्माण इस गर्मी में न्यूयॉर्क शहर में शुरू होने वाला है। निर्माताओं ने खुलासा किया कि टीम ने जानबूझकर अमेरिकी स्थानों का चयन किया ताकि हाल ही में घोषित ट्रम्प इंडस्ट्री टैरिफ से उत्पन्न किसी भी अनिश्चितता से बचा जा सके। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग रुद्र ने किया है। जिन्होंने गाथा तिवारी लायंस मूवीज के अध्यक्ष और संस्थापक के साथ मिलकर इसकी स्क्रिप्ट भी लिखी है। 'ब्लेस्ड बी द एविल' एक साइकोलॉजिकल हॉरर है। रिपोर्ट के मुताबिक कहानी एक ईसाई कपल पर केंद्रित है जो गर्भपात के आघात से जूझ रहा है। एक नई शुरुआत की तलाश में, वह एक अंधेरे और भयावह इतिहास वाले एक छोड़े हुए खेत को खरीदते हैं, लेकिन यहां उनका सामना एक दुष्ट शक्ति से होता है। फिल्म के निर्देशक अनुराग ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, 'ग्रामीण भारत में पैदा होने और अपना बचपन बिताने के कारण, मुझे ऐसी कहानियां सुनाई गईं जो मेरे दिमाग और दिल में बस गईं। यह लोककथा इतनी खास थी कि मुझे वास्तव में सभी कहानियों पर विश्वास था। मैं उन्हें सिनेमा की कला के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करना चाहता था।' अभिनेत्री कंगना रनौत ने अभी तक इस प्रोजेक्ट को लेकर कोई रिएक्शन नहीं दिया है। अभिनेत्री को आखिरी बार 'इमरजेंसी' में देखा गया था। इस फिल्म से उन्होंने निर्देशन की भी शुरुआत की। फिल्म में उन्होंने भारत की दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई थी।



# नित्या मेनन के साथ बनी विजय सेतुपति की जोड़ी


साउथ स्टार विजय सेतुपति की फिल्मों का दर्शकों को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार रहता है। पिछले कुछ वक्त से विजय सेतुपति अपनी अनाम आगामी फिल्म को लेकर चर्चाओं में थे, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री नित्या मेनन नजर आने वाली हैं। हालांकि, अब मेकर्स ने इस फिल्म के टाइटल की घोषणा कर दी है। जिसके बाद अब फिल्म का नाम सामने आ गया है।

## पावर कपल के रूप में नजर आएंगे विजय-नित्या

फैंस का इंतजार खत्म हुआ और विजय सेतुपति की आगामी फिल्म के 'टाइटल की घोषणा हो गई। विजय सेतुपति और नित्या मेनन की इस फिल्म का नाम है 'थलाइवन थलाइवी'। इस फिल्म का निर्देशन पंडिराज ने किया है। इस ड्रामा फिल्म में विजय और नित्या पावर कपल के रूप में दिखाई देंगे। फिल्म गंभीर रूप से संबंधित रिश्तों पर बात करती है और उनके बीच के हर भाव को दिखाती है।

## टीजर में दिखी दोनों की मजेदार केमेस्ट्री

मेकर्स ने फिल्म का टाइटल टीजर जारी किया है। जिसकी शुरूआत विजय सेतुपति और नित्या मेनन के खाना बनाने की तैयारी करते हुए होती है। इसके बाद दोनों मजाक और बहस करते हुए रसोई में खाना बनाते नजर आते हैं। टीजर में दोनों के बीच जबरदस्त केमेस्ट्री देखने को मिली है। टीजर में योगी बाबू भी नजर आए हैं। जो ये बताते हैं कि यह जोड़ी सामान्य से



बहुत दूर है। तभी विजय सेतुपति एक बंदूक निकालते हैं और गोली चलाते हैं। इसके साथ ही टीजर समाप्त हो जाता है।

## अभी सामने नहीं आई रिलीज डेट

विजय सेतुपति और नित्या मेनन दूसरी बार एक साथ किसी फिल्म में नजर आएंगे। पंडिराज द्वारा लिखित और निर्देशित 'थलाइवन थलाइवी' के टीजर के बाद अब दर्शक इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। हालांकि, अभी फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं की गई है।

# हॉलीवुड में डेब्यू करेंगी सलमान की गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर

सलमान खान की रूमर्ड गर्लफ्रंड यूलिया वंतूर जल्द ही हॉलीवुड फिल्म में नजर आने वाली हैं। आज ही यह जानकारी सोशल मीडिया पर आई है, जिससे इस बात की पुष्टि होती है कि वह जल्द ही ईकोज ऑफ अस में नजर आएंगी।

## ईकोज ऑफ अस की स्टार कास्ट और शूटिंग

ईकोज ऑफ अस एक अंग्रेजी भाषा की फिल्म होगी, जिसमें यूलिया वंतूर के अलावा पूजा बत्रा, दीपक तिजोरी और स्पेनिश अभिनेत्री एलेसेंड्रा व्हेलन मैरिज नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन जो राजन करेंगे, जिन्होंने लव यू सोनियो से अपने निर्देशन करियर की शुरुआत की थी। बहरहाल, फिल्म की शुटिंग आज से शुरु हो चुकी है। इस फिल्म में यूलिया महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का निर्माण अभिनेत्री पूजा बत्रा के एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के तहत किया जाएगा।

## यूलिया का करियर और चर्चा

यूलिया वंतूर एक रोमानियाई अभिनेत्री, गायिका और मॉडल हैं। यूलिया ने रोमानिया में मॉडलिंग और टेलीविजन प्रस्तुतकर्ता के रूप में काम किया। भारत में आने के बाद, उन्होंने संगीत में भी हाथ आजमाया और कई गानों में अपनी आवाज दी है, जैसे कि हिमेश रेशमिया के साथ एवरी नाइट एंड डे। यूलिया ने बॉलीवुड में कई फिल्मों में आइटम नंबर किए हैं। हालांकि, उन्हें सबसे ज्यादा सलमान खान के साथ उनके संबंधों के कारण जाना जाता है। यूलिया ने सलमान खान की फिल्म राधे- योर मोस्ट वांटेड भाई के गाने सीटीमार में भी अपनी आवाज दी है।



# ओटीटी पर नहीं आएगी सितारे ज़मीन पर, आमिर खान ने चुना यूट्यूब का नया पे-पर-व्यू मॉडल

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान एक बार फिर अपने नए सिनेमाई प्रयोग से चर्चा में हैं। उनकी आगामी फिल्म 'सितारे ज़मीन पर' को लेकर दर्शकों में जितनी उत्सुकता है, उतना ही चौंकाने वाला है इसका रिलीज़ फॉर्मेट। आमतौर पर आजकल की फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के कुछ हफ्तों के भीतर ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध हो जाती हैं, लेकिन आमिर खान ने इस रिवाज से हटकर एक नई राह चुनी है। सूत्रों की मानें तो सितारे ज़मीन पर को सिनेमाघरों में रिलीज़ के बाद किसी भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम नहीं किया जाएगा। इसकी बजाय, यह फिल्म दो महीने बाद यूट्यूब पर पे-पर-व्यू मॉडल के तहत दर्शकों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। इस मॉडल के तहत दर्शक फिल्म को देखने के लिए एक बार का शुल्क देंगे — न कि किसी ओटीटी सब्सक्रिप्शन के जरिए।

आमिर खान का मानना है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर जल्दी स्ट्रीमिंग की वजह से दर्शक सिनेमाघरों का रुख नहीं करते, खासकर ऐसी फिल्मों के लिए जो बड़े विजुअल इफेक्ट्स या एक्शन से भरपूर नहीं होतीं। 'सितारे ज़मीन पर' एक भावनात्मक और कंटेंट-ड्रिवन फिल्म है, और आमिर इसके साथ एक अलग प्रयोग करना चाहते हैं। यही कारण है कि फिल्म के पोस्टर पर भी किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म का लोगो नहीं है — जो आमतौर पर ट्रेंड बन चुका है। इस निर्णय के पीछे आमिर की मंशा यह है कि दर्शकों को सिनेमाघर का अनुभव देने के बाद भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर फिल्म की वैल्यू बनी रहे और निर्माता को कंटेंट पर पूरा नियंत्रण मिले। यह भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में पे-पर-व्यू आधारित वितरण मॉडल का एक नया अध्याय साबित हो सकता है।





# नई फिल्म के लिए साथ आए मनोज बाजपेयी और विपुल शाह



नेशनल अवॉर्ड विजेता अभिनेता मनोज बाजपेयी एक बार फिर दर्शकों को अपनी दमदार एक्टिंग से चौंकाने को तैयार हैं। उनकी नई फिल्म गवर्नर की घोषणा हो चुकी है, जिसमें वह एक गवर्नर की मुख्य भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म विपुल शाह के प्रोडक्शन हाउस सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही है। फिल्म के डायरेक्टर चिन्मय मांडलेकर हैं और इसकी शूटिंग जुलाई-अगस्त 2025 में शुरू होने की उम्मीद है।

## गवर्नर की कहानी और तैयारी

गवर्नर एक रोमांचक पॉलिटिकल थ्रिलर है, जो मनोज बाजपेयी के करियर में एक और शानदार प्रदर्शन जोड़ने जा रही है। पीपिंगमून की रिपोर्ट के अनुसार, सनशाइन पिक्चर्स में इस प्रोजेक्ट पर पिछले दो साल से काम चल रहा था। पहले इस फिल्म को अपूर्व सिंह कार्की (सिर्फ एक बंदा काफी है) डायरेक्ट करने वाले थे, लेकिन अपनी दूसरी कमिटमेंट के कारण उन्हें प्रोजेक्ट छोड़ना पड़ा। इसके बाद मनोज बाजपेयी ने चिन्मय मांडलेकर को डायरेक्टर के तौर पर सुझाया। मनोज और चिन्मय हाल ही में नेटफ्लिक्स इंडिया की अपकमिंग कॉप ड्रामा सीरीज इंस्पेक्टर जेंडे में साथ काम कर चुके हैं। फिल्म की प्री-प्रोडक्शन शुरू हो चुकी है और बाकी मुख्य किरदारों के लिए कास्टिंग प्रक्रिया जोरों पर है। विपुल शाह इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं।

## मनोज बाजपेयी के आने वाले प्रोजेक्ट

मनोज बाजपेयी को गैंग्स ऑफ वासेपुर, स्पेशल 26, जोरम, और गुलमोहर जैसी फिल्मों में उनके शानदार अभिनय ने उन्हें दर्शकों और क्रिटिक्स का प्यार दिलाया है। हाल ही में वह नीरज पांडे की नेटफ्लिक्स फिल्म की शूटिंग पूरी कर चुके हैं। इसके बाद वह गवर्नर की शूटिंग शुरू करेंगे। मनोज के पास और भी कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमें शेखर कपूर की मासूम- द न्यू जेनरेशन और राम गोपाल वर्मा की पुलिस स्टेशन में भूत शामिल हैं। इसके अलावा, अमेजन प्राइम वीडियो की सुपरहिट सीरीज द फैमिली मैन का तीसरा सीजन भी दिवाली 2025 के आसपास रिलीज होने की उम्मीद है।



# घर के बाहर कैजुअल सेक्सिज्म का सामना किया, मेरी बोली हुई बात का कोई महत्व नहीं था

सार्थक सिनेमा के लिए जानी जाने वाली भूमि पेडनेकर जितनी कटिबद्ध अपनी भूमिकाओं को लेकर हैं, उतनी ही उनकी चर्चा होती रही है विविधरंगी चरित्रों को लेकर। अभिनय के अलावा वे देश-विदेश के मंचों पर पर्यावरण और महिला मुद्दों पर भी जागरूकता फैलाने का भी काम करती रही हैं। जल्द ही वे द रॉयल्स जैसी वेब सीरीज से ओटीटी पर अपना डेब्यू करने जा रही हैं। उनसे एक ख़ास बातचीत

**भूमि हाल ही में हमने आपको यंग ग्लोबल विमेन लीडर के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करते देखा, कितना फर्क पड़ता है, इस तरह के पार्टिसिपेशन से?**

-बहुत फर्क पड़ता है। मैं खुद को बहुत ही उद्देश्यपूर्ण अभिनेत्री और व्यक्ति मानती हूं, तो मैं अपने काम या जो भी मुझे मंच दिया जाता है, उसमें उद्देश्य ढूंढती हूं। जैसे हाल ही में मैं डावोस समिट गई थी या फिर बीते दो सालों में मैंने जितने भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को रीप्रेजेंट किया है, मैंने अभिनेत्री नहीं बल्कि एक लड़की होने के नाते अपनी बात रही है। मैं इस तरह के प्लैटफॉर्म्स का लगातार हिस्सा बनना चाहूंगी, क्योंकि जब तक हम इन माध्यमों में अपनी सहभागिता नहीं बढ़ाएंगे, जहां महिलाओं को लेकर पॉलिसीज बनती हैं, कानून बनाए जाते हैं, बड़े फैसलों पर निर्णय लिए जाते हैं, तब तक हम इक्वैलिटी की बात कैसे कर सकते हैं? इसलिए ऐसे मंचों का हिस्सा बनना जरूरी है।

**आप पर्दे पर भी लगातार महिला मुद्दों को मुखर करने वाले किरदारों में नजर आती हैं, मगर क्या आपको लगता है कि महिलाओं की चुनौतियां कुछ कम हुई हैं?**

मुझे लगता है बदलाव तो आया है, मगर अभी लंबा सफर तय करना है महिलाओं को। औरतों की चुनौतियों की फेहरिस्त बहुत लंबी है। मूल रूप से आप हर चीज में जो असमानता देखते हैं और दुर्भाग्य की बात ये है कि इसकी शुरुआत आपको घर से देखने को मिलती है। मैं इस मामले में खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मैं जिस तरह के परिवार में पली-बढ़ी, वहां मुझे अहसास नहीं हुआ कि कैजुअल सेक्सिज्म (अनौपचारिक लिंगभेद) क्या होता है? ऐसी चीजों का मुझे तब अहसास हुआ, जब मैं अपने घर से बाहर निकली और मेरी हर चीज पर सवाल उठाए जाने लगे। कई बार मुझे साफ तौर पर मुंह पर बोला गया कि बाकी चीजें अहमियत रखती हैं, मेरी बोली हुई बात का कोई महत्व नहीं। कई बार हम एक पुरुषों से भरे कमरे में होते हैं और वहां अनौपचारिक रूप से हमें जताया जाता है कि हमारा मत अहमियत नहीं रखता। यही वजह है कि मैं कोशिश करती हूं कि अपने काम या किरदारों के जरिए महिलाओं को सशक्त करने का काम करती हूं।

**करियर की शुरुआत में दम लगा के हईशा से अब तक आपका ट्रांसफॉर्मेशन काबिल-ए-तारीफ है, मगर क्या आपको लगता कि मेल एक्टर के 6 पैक एब्स बनाने की तुलना में ऐक्ट्रेस के ट्रांसफॉर्मेशन को उतना हाईलाइट नहीं किया जाता?**

आप जो कह रही हैं, वो बिलकुल सौ प्रतिशत सही है। हम लड़कियों को खुद को साबित करने के लिए थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। मैंने दम लगा के हईशा के लिए मैंने तकरीबन 27 किलो वजन बढ़ाया था और इस भूमिका के लिए मैं अलग तरह से ट्रांसफॉर्म हुई हूं। आने वाले समय में हो सकता है आपको कोई और भूमि देखने को मिले, मगर मैं यह जरूर कहना चाहूंगी कि मेरे पास शोर मचाने के लिए और भी बहुत कुछ है।

**आपकी नई वेब सीरीज द रॉयल्स में में आपके हीरो ईशान खट्टर हैं, उनके साथ अपनी केमेस्ट्री को लेकर नर्वसनेस थी कि कन्वर्ट हो पाएगी या नहीं?**

मुझे लगता है, वो नर्वसनेस हर किरदार को लेकर होती है। जो आपका किरदार है, जो आपने पढ़ा है और सोचा है, वो कन्वर्ट होगा या नहीं? देखिए, जो शो रनर होते हैं, प्रड्यूसर, एग्जिक्यूटिव प्रड्यूसर वो आपके पास एक कॉन्सेप्ट और किरदार लेकर आते हैं, उसके बाद आपको उसे सेट पर अपने निर्देशक के साथ मूर्त रूप देना होता है, मगर वह तभी कामयाब होता है, जब आपका अपने साथी कलाकार के साथ वो कंफर्ट लेवल हो। हीरो-हीरोइन दोनों ही जब पूरी मेहनत और शिद्दत से काम करते हैं, तभी जाकर उन दोनों के बीच की केमेस्ट्री रंग लाती है।

**जीनत अमान जैसी लेजेंड अभिनेत्री के साथ इस वेब सीरीज में काम करने का अनुभव कैसा रहा?**

जब मुझे पहली बार पता चला कि जीनत जी भी इस शो में हैं, तो मेरे अंदर का फैन बाग-बाग हो गया। मैं उनकी बहुत बड़ी वाली फैन हूं। जब सेट पर मेरा उनके साथ पहला सीन था, तब मैं बहुत नर्वस थी, क्योंकि मेरी समझ में नहीं आ रहा था कि मैं उनके सामने कैसे आऊंगी। मगर वे सच्चे मायनों में क्वीन हैं, आइकॉन हैं। उनका ऑरा कमाल का है। वे दयालु हैं, उनके भीतर बहुत प्यार भरा हुआ है, दूसरों को देने के लिए। आप जब भी उनसे मिलते हैं, तो वे आपको कांप्लिमेंट करती रहेंगी और आपको लगता है कि वे कितनी ज्यादा विनम्र हैं। मैं कामना करती हूं कि काश मेरे उनके साथ और ज्यादा सीन होते। इस मामले में मुझे अपने दूसरे साथी कलाकारों से मुझे बहुत ईर्ष्या होती है, क्योंकि मेरी तुलना में उन्हें जीनत जी के साथ ज्यादा दृश्य करने का मौका मिला।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in